आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 283 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
www.hukmnamasamachar.com
जयपुर, बुधवार, 15 जुलाई, 2026
www.Lokvarta.net

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सख्त एक्शन

# कानून-व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## दो आरपीएस एवं एक जेल सेवा अधिकारी पर गिरी गाज

- महिला बंदी सुधार गृह की उपाधीक्षक निलंबित
- एक आरपीएस पर सीसीए नियम 16 में कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अनियमितता एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर राजस्थान पुलिस सेवा के दो अधिकारियों एवं जेल सेवा की एक अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की मंजूरी दी है। जेल सेवा की अधिकारी को निलंबित करने तथा एक आरपीएस अधिकारी के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच किए जाने की अनुमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने महिला बंदी सुधार गृह, जयपुर में पदस्थापित उपाधीक्षक सरोज विश्नोई को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जयपुर से भरतपुर किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। सरोज विश्नोई के विरूद्ध प्राप्त परिवाद में बताया गया था कि वे सुधार गृह की एक महिला बंदी को अपने साथ रखती थी और उस महिला बंदी का कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप था। साथ ही, विश्नोई द्वारा पैसे लेकर बंदियों को नियम विरूद्ध सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की भी शिकायत थी। मुख्यमंत्री ने जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में पदस्थापित सहायक पुलिस आयुक्त, साइबर क्राइम देरावर सिंह के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

देरावर सिंह ने पुलिस थाना कामां, डीग में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित रहते हुए अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती। हत्या जैसे गंभीर अपराध में आठ में से केवल एक अभियुक्त को अनुसंधान में दोषी मानते हुए सात अभियुक्तों को बचाने का प्रयास किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने आरपीएस अधिकारी लाभुराम विश्नोई के विरूद्ध आरोपों को प्रमाणित मानते हुए विभागीय जांच रिपोर्ट का अनुमोदन किया है। लाभुराम विश्नोई ने पुलिस थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाईमाधोपुर क्षेत्र में बनास नदी में बजरी माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई से संबंधित निर्देशों की अवहेलना की, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई और स्वयं सहित पुलिस जाब्ते की जान को जोखिम में डाला। साथ ही, कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के साथ कोई समन्वय भी नहीं किया। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इन निर्णयों से प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही तय होने के साथ ही कार्मिकों की कार्यशैली में पारदर्शिता एवं दक्षता आएगी।

### भ्रष्टाचार एवं कदाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति

**राजस्थान सिविल सेवा के 2 अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी**

## दहेज उत्पीड़न के मामले में दोषी चिकित्सा अधिकारी को नौकरी से हटाया


**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भ्रष्टाचार एवं कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत रिश्वतखोरी, दहेज उत्पीड़न, पद के दुरुपयोग करने एवं राजकीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं करने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, दहेज उत्पीड़न के प्रकरण में एक चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध धारा 498-ए एवं 406 भारतीय दण्ड संहिता में दोष सिद्ध होने पर उन्हें राजकीय सेवा से पदच्युत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-16 के अन्तर्गत 2 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने तथा एक सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारी की 20 प्रतिशत पेंशन हमेशा के लिए रोकने का फैसला किया। इसी प्रकार, सीसीए नियम 34 में रिव्यू के 5 प्रकरणों में विभिन्न अधिकारियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए दण्डादेश यथावत रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों की मदद करने के बदले रिश्वत मांगने के एक प्रकरण में तत्कालीन वृत्ताधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 19 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के प्रावधान के अन्तर्गत अभियोजन स्वीकृति जारी की है।

इसी प्रकार, भीलवाड़ा के तत्कालीन सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त-ए राकेश खोईवाल के खिलाफ सीसीए नियम 16 के अंतर्गत विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने राजकीय कीमती भूमि को नीलामी के बजाय खांचा भूमि के रूप में आवंटन करने के प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969 के नियम 8 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी भी प्रदान की।

---

## संक्षिप्त खबरें



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा खरीद का पैटर्न तेजी से बदला है। पिछले 14 महीनों में मंजूर रिकॉर्ड प्रस्तावों से संकेत मिलता है कि सेना को अब सिर्फ सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और मल्टीलेवल वॉर के लिए तैयार किया जा रहा है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने संघर्ष के बाद से 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह रकम एक साथ खर्च नहीं होगी, बल्कि कई साल में अलग-अलग सौदों, निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिकीकरण योजनाओं पर लगेगी। तैयारी की पहली वजह ये है कि युद्ध छिड़ना अब सामान्य बात होती जा रही है। दूसरे, जंग छिड़ने के बाद उसे रोकना आसान नहीं रह गया है और तीसरी बात दुश्मन की कोशिश यह होती है कि लंबी और आर्थिक रुप से चोट पहुंचाने वाले सैन्य संघर्ष को जारी रखा जाए। नए प्रस्ताव में लक्ष्य महीनों तक हथियार, मरम्मत में तेजी और रसद बनाए रखना है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के लंबे संघर्षों ने भारत की सैन्य सोच बदली है।

### हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी

**श्रीनगर।** जम्मू की स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद के खिलाफ पहलगाम केस में गैर-जमानती वारंट जारी किया। कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए हाफिज को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी होगी। कोर्ट ने 8 जुलाई को आदेश जारी किया था, जानकारी मंगलवार को सामने आई है। इससे पहले 6 जुलाई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम हमले को लेकर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। एजेंसी ने कहा था कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों की हत्या की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे।

### दिव्यांगों पर टिप्पणी- कॉमेडियन समय रैना समेत 5 पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना, रणवीर अलाहाबादिया, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, निशांत जगदीश तंवर पर 3 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। अदालत ने दिव्यांगों पर विवादित टिप्पणी के केस में यह आदेश दिया है। इसकी सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद रैना ने अपने शो पर किसी दिव्यांग को नहीं बुलाया। अदालत क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रैना के शो पर स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज के खर्च पर असंवेदनशील टिप्पणी करने और दिव्यांगों का मजाक उड़ाने का आरोप है।

---

## सुप्रीम कोर्ट का 3 लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक से इनकार

**कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता-सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता है।

साथ ही इसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों को लेकर सरकार और सीबीएसई से 10 दिन में जवाब मांगा है। अब 14 दिन बाद 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी।

दरअसल, थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी मौजूदा 2026-27 सेशन से लागू कर दी गई है। नई पॉलिसी के मुताबिक स्टूडेंट्स को 2 भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। उन्हें वे भाषाएं छोड़नी पड़ेंगी, जिन्हें वे क्लास 5 से लगातार पढ़ रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सीबीएसई ने तैयारी के बिना तीन-भाषा नीति लागू कर दी है। स्कूलों में पर्याप्त टीचर, किताबें और जरूरी एकेडमिक इंफ्रा स्ट्रक्चर मौजूद नहीं है, जिससे स्टूडेंट-टीचर को परेशानी हो रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से सीनियर एडवोकेट आनंद ग्रोवर, सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और गोपाल शंकरनारायणन ने पैरवी की। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सुनवाई की।

## प्रदेश के कई जिलों में बारिश

### अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में मंगलवार दोपहर बाद अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश हुई। कोटपूतली के पावटा में बारिश के चलते सीएम का दौरा रद्द हो गया। विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने बताया कि मौसम खराब होने के चलते सीएम का दौरा स्थगित किया गया। सीएम पीएमश्री जवाहर नवोदय स्कूल में लगे शहरी सेवा शिविर में हिस्सा लेने के लिए आने वाले थे। बारिश से बचने के लोग सिर पर कुर्सी रखकर बचते नजर आए। वहीं बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत मंच पर बैनर से बारिश से बचाव करते दिखाई दिए।

अलवर में सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। इसमें कई गाड़ियां फंस गई। निचले इलाकों में दुकानों में पानी घुस गया।

मौसम विभाग ने 16 जुलाई को प्रदेश के अन्य हिस्सों में बारिश की एंट्री होने की उम्मीद जताई है। उदयपुर संभाग से बादलों का एंट्री करना ठीक रहा तो जाते हुए मानसून की बारिश अरावली के पहाड़ों को पार करके रेगिस्तानी इलाकों तक पहुंच जाएगी। इससे उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में बारिश हो सकती है।



### वांगचुक 17 दिन से अनशन पर

## सरकार बेपरवाह-कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5द्मद्द कम हो गया है। अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है।कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि सरकार को वांगचुक की कोई चिंता नहीं है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि वांगचुक की जान को खतरा है। सरकार को मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

### गुजरात के अंबाजी मंदिर में भी दान की चोरी



**अंबाजी।** राम मंदिर में चंदे की चोरी का मुद्दा देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के खजाने में हुई चोरी का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल है। हालांकि, यह फुटेज दो महीने पुराना है। इसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारी नोटों का एक बंडल अपने पैरों के नीचे छिपाते नजर आ रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चिराग ठाकोर समेत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। मंदिर ट्र्स्ट इनकी सेवाएं खत्म कर चुका है। फुटेज वायरल होने पर बनासकांठा कलेक्टर मिहिर प्रवीणकुमार पटेल ने भी बताया कि यह घटना 5 मई, 2026 की है। घटना सामने आते ही मंदिर ट्रस्ट ने स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद मंदिर के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था।

---

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

कई मंदिरों में खुल गए, अब चढ़ावा चोरी के केस
कोई चोर तो निकल जाता, चाहे कितने अच्छे फेस
श्रद्धालु श्रद्धा भाव से, देते हैं अपनी गाड़ी कमाई
चोर ऐसे हड़प रहे चढ़ावा, है वे भगवान के जमाई

..मुखिया जी

---

## विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम आज

### स्पीकर देवनानी ने अमृत उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में 75वें वर्ष पर बुधवार को वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम होगा। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को इस अमृत उत्सव के पहले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। देवनानी ने कार्यक्रम स्थल और उससे संबंधित सभी व्यवस्थाओं को बारिकी से देखा। देवनानी ने मौके पर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आने वाले पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किये गये है। विशेष रूप से वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध पूर्व विधायकों के प्रवास, उनके आवागमन, चिकित्सा संबंधी सभी व्यवस्थाएं की गई है। देवनानी ने कहा कि अमृत उत्सव का यह पहला कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम में विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल होंगे। पूर्व विधायकगण का मंगलवार से जयपुर पहुँचना आरम्भ हो गया है। जयपुर के सर्किट हाउस, डाक बंगला, विधायक आवास गेस्ट हाउस और पंचायतीराज संस्थान के गेस्ट हाउस में ठहरने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान से निर्वाचित लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है। अमृत उत्सव की तैयारियां विधान सभा में जोर-शोर से चल रही है। शहर में अतिथियों के स्वागत में होर्डिंग लगाये गये है। राजस्थान विधान सभा भवन को अमृत महोत्सव की पूर्व संध्या पर रोशनी से सजाया गया है। देवनानी ने कहा कि विधान सभा में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

देवनानी ने कहा कि समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। लोकसभा अध्यक्ष उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह का शुभारम्भ बुधवार को प्रातः 10 बजे से होगा। समापन समारोह इसी दिन सांय 4 बजे होगा।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अतिविशिष्ट अतिथि होंगे।




### अमृत उत्सव का पहला कार्यक्रम, आतिथ्य सत्कार के पूरे प्रबंध

**समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति होंगे, उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष करेंगें**

# किशनगढ़ पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 545 किलो बदबूदार सिंथेटिक पनीर नष्ट किया गया

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर राजस्थान सरकार के दिशा निर्देश पर किशनगढ़ पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 545 किलो बदबूदार सिंथेटिक पनीर किशनगढ़ कस्बे में नष्ट कराया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि किशनगढ़ पुलिस गस्त के दौरान सफेद ईको गाड़ी नंबर आरजे 40 ष्क्र 9889 जिसमें प्लास्टिक की करीब 15 कैनो में 545 किलो बदबूदार सिंथेटिक् पनीर जिसको किशनगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर रोका गया पुलिस द्वारा जानकारी लेने पर कार चालक आदिल खान पुत्र एट मोहम्मद गांव जरौली तहसील तिजारा उम्र 25 वर्ष जाति मेव और उसका साथी मुनव्वर पुत्र रजाक गांव जरौली तहसील तिजारा उम्र 20 वर्ष जाति मेव द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा पनीर को नारनौल एवं झुंझुनू जिले के आसपास करीब 180 से ?200 में बेचन के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को गाड़ी की जानकारी दी गई खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर पनीर की जांच की गई। जांच के दौरान सिंथेटिक पनीर में गंदगी एवं बदबूदार पाया गया जिसका एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के नियम के तहत नमूना लेते हुए मौके पर



जेसीबी द्वारा गद्दा खुदवा कर बदबूदार एवं सिंथेटिक पनीर मात्र करीब 545 किलो को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। कार्रवाई के दौरान किशनगढ़ पुलिस आरपीएस नेहा, थानाअधिकारी बनवारी लाल ,महिपाल, सुभाष यादव मौजूद रहे

## आईएफडब्ल्यूजे सवाई माधोपुर ने चारो विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की

*संगठन को जमीनी स्तर पर मिलेगा नया विस्तार*

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) जिला इकाई सवाई माधोपुर ने संगठन को चारों विधानसभा क्षेत्रों में और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की है। इन नियुक्तियों से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने के साथ पत्रकारों के हितों की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। संगठन के जिला महासचिव राजेश गोयल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने मो. राशिद को सवाई माधोपुर, पंकज शर्मा को गंगापुर सिटी, आशीष मित्तल को बामनवास तथा चेतन परिहार को खंडार विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की रीति-नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करते हुए पत्रकारों के हितों की रक्षा, नए सदस्यों को जोड़ने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आईएफडब्ल्यूजे सदैव पत्रकारों के अधिकारों, सम्मान लिए प्रतिबद्ध रहा है।

**नियमों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई, बड़े आयोजनों में खाद्य सुरक्षा टीम करेगी निरीक्षण**

## सार्वजनिक आयोजनों में अब केवल एफएसएसएआई लाइसेंसधारी कैटरर्स ही बनाएंगे भोजन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शादी-विवाह, धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में अब केवल एफएसएसएआई लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्राप्त हलवाई, कैटरर्स ही भोजन तैयार एवं परोस सकेंगे।

राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की गई है। नियमों की अवहेलना करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि आयोजकों को कार्यक्रम से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग को आयोजन की तिथि, समय, स्थान, आयोजक एवं कैटरर्स का नाम, एफएसएसएआई लाइसेंस संख्या, संभावित अतिथियों की संख्या तथा भोजन तैयार एवं परोसने के स्थान की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। विभाग द्वारा जिले के सभी हलवाई, कैटरर्स एवं खाद्य व्यवसायियों का सत्यापन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मैरिज गार्डन, बैंक्वेट हॉल, होटल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन एवं फार्म हाउस संचालकों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में केवल लाइसेंसधारी खाद्य व्यवसायी ही भोजन तैयार करें।

बड़े आयोजनों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, भंडारण एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जाएंगे।

## एक नजर

### जयपुर जिला देहात कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कांग्रेस जयपुर देहात ईस्ट के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक गोपाल मीणा ने बताया की जिला देहात कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार 15 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे नारायण पैलेस चौमुखा रोड जमवारामगढ़ आयोजन होगा। संगठनात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी चिरंजीव राव होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल मीणा ने बताया कि बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य,प्रदेश पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी,ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष,इकाई अध्यक्ष,वार्ड अध्यक्ष,क्क ओर बूथ अध्यक्ष,अपनी कार्यकारिणी सहित,जिला पार्षद,पार्षद प्रत्याशी,प्रधान, पंचायत समिति सदस्य,जिला परिषद सदस्य,सरपंच एवं चारों कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित सभी कांग्रेस जन बैठक में भाग लेंगे।

### शिविर में हुआ सालों के इंतजार का अंत, काम होने पर खिले ग्रामीणों के चेहरे, सरकार का जताया आभार

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण सेवा शिविरों का दौर जारी है। शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान करना है।



**घीसा को मिला पटटे का मालिकाना हक**-तहसील निवाई के रजवास गाँव में घीसा लाल अपने परिवार के साथ रहता है। घीसा लाल स्वभाव से बेहद मेहनती हे, जिस मकान में उनका परिवार पीढ़ियों से रह रहा था, उसका उनके पास कोई पक्का सरकारी कागज़ या पट्टा नहीं था। बिना पट्टे के वह घर उनका होकर भी पूरी तरह उनका नहीं था। वह हमेशा डरते थे कि कहीं कोई उनकी इस पुश्तैनी ज़मीन पर सवाल न खड़ा कर दे। घीसा लाल अपने परिवार के लिए एक छोटा सा व्यवसाय शुरू करना चाहते थे, ताकि उनकी आमदनी बढ़ सके। लेकिन जब भी वह बैंक में लोन के लिए जाते, तो बैंक वाले उनसे मकान के कागज़ात मांगते। पुश्तैनी पट्टा न होने के कारण हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता था। गाँव में सरकार की स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण की जानकारी मिली। घीसा लाल ने तुरंत इस योजना के तहत अपना आवेदन दर्ज कराया। उन्होंने अपनी पूरी स्थिति अधिकारियों के सामने रखी। विभाग ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और उनके दस्तावेज़ों की जांच शुरू की। प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। घीसा लाल की पट्टा संबंधी कागज़ी कार्रवाई को पूरा करके आखिरकार उनका आधिकारिक पट्टा जारी कर दिया गया।

### अंगदान केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च संकल्प : सुराणा

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने वीडियो संदेश जारी कर जिलेवासियों से अंगदान का संकल्प लेने की अपील की है। जिला कलक्टर सुराणा ने बताया कि राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन द्वारा 31 अगस्त, 2026 तक सामूहिक अंगदान प्रतिज्ञा अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अंगदान का महत्व बताते हुए कहा कि अंगदान केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च संकल्प है। आपका एक संकल्प किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है और कई परिवारों में आशा का दीप जला सकता है।

### शहरी सेवा शिविर 2026- आज विभिन्न वार्डों में लगेंगे शहरी सेवा शिविर

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी नागरिकों की जनसमस्याओं के समाधान, शहरी क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित बनाए जाने को लेकर शहरी सेवा शिविर 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान प्रदान कर उन्हें राहत दी जा रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 15 जुलाई को नगर परिषद धौलपुर के वार्ड नंबर 51 से 60 तक का नगर परिषद कार्यालय में, नगर पालिका बाड़ी के वार्ड नंबर 1 से 45 का मवेशी खाना परिसर तहसील कार्यालय के बगल बाड़ी में, नगर पालिका सरमथुरा के वार्ड नंबर 24, 25 का नगरपालिका कार्यालय परिसर सरमथुरा में, नगर पालिका मनियां के वार्ड नंबर 20 का नगरपालिका कार्यालय मनियां में, नगर पालिका सैपऊ के वार्ड नंबर 11 से 20 का अम्बेडकर भवन सैपऊ में, नगर पालिका राजाखेड़ा के वार्ड नंबर 26 से 35 फेलोअप कैम्प नगरपालिका कार्यालय परिसर राजाखेड़ा में तथा नगर पालिका बसेड़ी के वार्ड नंबर 1 से 25 तक प्रति दिवस नगरपालिका कार्यालय बसेड़ी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## शहरी सेवा शिविर 2026- आज विभिन्न वार्डों में लगेंगे शहरी सेवा शिविर

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी नागरिकों की जनसमस्याओं के समाधान, शहरी क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित बनाए जाने को लेकर शहरी सेवा शिविर 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान प्रदान कर उन्हें राहत दी जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर नगर परिषद में 15 जुलाई को वार्ड नं. 64 से 65 के नागरिकों के लिए शिविर नगर परिषद सभा हॉल में आयोजित होंगे। इसी प्रकार नगरपालिका केसरीसिंहपुर में 15 जुलाई को वार्ड नं. 11 से 20 के नागरिकों के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे।

नगरपालिका अनूपगढ़ में 15 जुलाई को समस्त वार्डों लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार नगरपालिका गजसिंहपुर में 15 जुलाई को वार्ड नं. 17 से 20 के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे। नगरपालिका पदमपुर में 15 जुलाई को वार्ड नं. 1, 22, 23, 24, 25 के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे।

नगरपालिका सादुलशहर में 15 जुलाई को वार्ड नं. 25 के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे। नगरपाालिका घड़साना में 15 जुलाई को वार्ड नं. 16 से 25 के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे। नगरपालिका रायसिंहनगर में 15 जुलाई को समस्त वार्डों के लिए नगरपालिका हॉल में शिविर आयोजित होंगे।

## बौलखेड़ा शिविर में मौके पर जारी हुआ खुशान्त का जन्म प्रमाण पत्र

**दस्तावेज मिलते ही लाभार्थी परिवार ने जताया राज्य सरकार का आभार**

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम छोर पर बैठे आमजन को स्थानीय स्तर संबल प्रदान करने के उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर नागरिकों के लिए कल्याणकारी साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार, 14 जुलाई को पंचायत समिति कामां के अंतर्गत ग्राम पंचायत बौलखेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय प्रशासन और राजस्व टीम की सजगता के चलते जरूरतमंद ग्रामीणों के आवश्यक दस्तावेजों से जुड़े मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिससे ग्रामीण अंचल में भारी उत्साह देखा गया। ग्राम पंचायत बौलखेड़ा के स्थानीय निवासी चंद्र शेखर को उनके पुत्र खुशान्त का जन्म प्रमाण पत्र उपखण्ड प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिविर में ही मौके पर तैयार कर सुपुर्द किया गया। अपने पुत्र का वैध सरकारी जन्म प्रमाण पत्र हाथ में मिलते ही पिता चंद्र शेखर को एक गहरा भावनात्मक अहसास हुआ, जिससे उनके समस्त परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस त्वरित और पारदर्शी विधिक सहायता के लिए लाभार्थी चंद्र शेखर सहित वहां उपस्थित समस्त ग्रामवासियों ने राजस्थान सरकार, उपखण्ड प्रशासन एवं स्थानीय प्रबंधन द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2026 लगाने पर सहृदय धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।



## पुनर्वास गृह, बाल सुधार गृह और वृद्ध आश्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 95 लोगों की हुई जांच

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) इकाई, हनुमानगढ़ द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न संस्थानों में टारगेट इंटरवेंशन के तहत एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह, बाल सुधार गृह एवं अपना घर वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ. ओपी सोलंकी ने हनुमानगढ़ में संचालित मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह 62 व्यक्तियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें से 9 मरीजों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं, बाल सुधार गृह में 20 बालकों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवा एवं परामर्श प्रदान



किया गया। इसी क्रम में हनुमानगढ़ में संचालित अपना घर वृद्ध आश्रम में 13 वृद्धजनों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग भी की गई, ताकि वे तनाव, अवसाद एवं अन्य मानसिक समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपट सकें।

## ग्रामीण सेवा शिविर 2026- आज ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी उपखण्ड क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के अनुसार 15 जुलाई 2026 तक ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जायेंगे।

शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनों की समस्याओं का मौके पर समाधान एवं उनके कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि 15 जुलाई को गंगानगर क्षेत्र के गांव लाधुवाला, चुनावढ़ व मनफूलसिंहवाला में शिविर आयोजित किये जायेगे। सादुलशहर क्षेत्र के गांव चक महाराजका व बनवाली, पदमपुर के गांव 37 जीजी, चानणा व 39 आरबी, करणपुर के गांव धरिंगावाली, रायसिंहनगर के गांव बगीचा, श्रीविजयनगर के गांव 7 जीबी, सूरतगढ़ के गांव 13 एसडी, भैरूपुरा व 8 एसएचचपीडी, अनूपगढ़ के गांव 9 एमडी व 13 एमडी में, घड़साना के गांव 3 एसटीआर व 17 एमडी में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आयोजित शिविरों में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## सवाई माधोपुर में कौशल विकास पर जोर, युवाओं के प्रशिक्षण और रोजगार को मिलेगी गति

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर काना राम ने जिला कौशल एवं उद्यमिता समिति की बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

उन्होंने आईटीआई, पॉलिटेक्निक, आरएसएलडीसी और अन्य कौशल विकास केंद्रों में संचालित पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति और रोजगार की स्थिति की समीक्षा करते हुए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार मेलों को गति देने पर जोर दिया। कलक्टर ने प्रशिक्षित युवाओं के बेहतर प्लेसमेंट, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री युवा संबल



योजना में अधिकाधिक पंजीयन तथा स्वरोजगार के लिए ऋण योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही जिला कौशल विकास योजना तैयार करने के लिए उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण विकसित करने, प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण के बाद युवाओं के प्लेसमेंट व फॉलोअप पर विशेष ध्यान देने को कहा।

### ग्रामीण सेवा शिविर में किसानों के वर्षों पुराने भूमि विवाद का समाधान

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में 15 जुलाई तक ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने बताया कि 15 जुलाई को कोटपुरा, सहेड़ी, बोरैली, नागर और मालौनी खुर्द की ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिंघावली कला में आयोजित शिविर में वर्षों से लंबित भूमि विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी सुशीला मीना के निर्देशन और तहसीलदार दीप्ति देव की देखरेख में राजस्व टीम ने 23 बीघा भूमि का बंटवारा प्रस्ताव स्वीकृत कराया तथा दारासिंह के नाम की शुद्धि भी तत्काल कर दी। किसानों ने इसे राहत, न्याय और सरकार की संवेदनशील कार्यशैली का प्रतीक बताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।


**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, ब्यावर आगार

**निविदा-सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ब्यावर आगार में बस स्टेण्ड ब्यावर हेतु निविदा आंमत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित राशि रूपये 200/- एवं जी.एस.टी सहित नकद जमा करवा कर निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव 16.07.2026 को 14:00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलें जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc एवं SPPP पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN : RTC2627SSRC00344

राज.संवाद/सी/26/6926 विज्ञापन संख्या 154/2026-27 मुख्य प्रबन्धक

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
फोन न. 0145-2429953,2433813 Email- ajmermc@gmail.com

क्रमांक F.10/50/M/GARDEN/AMC/2026-27/102 दिनांक 02.07.2026

**ई-टेण्डरिगं-निविदा-सूचना**

नगर निगम,अजमेर की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत मैसर्स फर्म/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से विद्युतशाखा द्वारा **नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष + (2 वर्ष वृद्धिकार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य** हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

| | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष +(2 वर्ष वृद्धि कार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य। | 11.50 लाख रूपये | 23000 रूपये | 1000/- रू. | 500/- रू. |

| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से प्रारम्भ | 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से 20.07.2026 साय 6.00 बजे तक | 21.07.2026 प्रातः 11.00 बजे |

| | |
|---|---|
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | तकनिकी बिड् के सफलतम निविदादाताओं को नेट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की वेबसाईट | www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in |

1. प्रोसेसिंग फीस / निविदा शुल्क / बिड सिक्योरिटी राशी डी.डी. /बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से मान्य नही होगी ।
2. RTPP नियमानुसार बिड सिक्योरिटी राशी देय होगी।
3. शेष शर्तो की जानकरी निम्नलिखित वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code : ANN2627A0058
UBN Code : ANN2627SLOB00080
राज.संवाद/सी/26/6952

— सशक्त पत्रकारिता का विश्वसनीय मंच —

हुक्मनामा समाचार
आपकी खबर, आपका हक

# हुक्मनामा
# समाचार

**जोधपुर | जयपुर | अजमेर से प्रकाशित**

★ राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र ★




## राजस्थान के प्रमुख जिलों में

# संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि आमंत्रित

आपकी
कलम
आपकी
पहचान

श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, खेरतल- तिजारा, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, डीग, करौली जिले के आसपास के इलाके से जुड़ने के लिए **आज ही संपर्क करें**




**राजस्थान**
के हर जिले की
हर खबर

## संपर्क करें

**0141-2220403**

**8824399949**

**9828011251**

Website:
www.hukmnamasamachar.com

निष्पक्ष पत्रकारिता
हमारी पहचान

व्यापक नेटवर्क
हर जिले में उपस्थिति

आपकी आवाज़
जन-जन तक

विश्वसनीय समाचार
हमारी जिम्मेदारी

**हुक्मनामा समाचार के साथ जुड़ें और बनें बदलाव की आवाज़**

सही खबर | सटीक खबर | हर खबर आपके लिए

### राज्य में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन बढ़ाने की कवायद शुरु

# नवीनतम तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोरः एसीएस अपर्णा अरोरा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य में कच्चे तेल और गैस का उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार करने की कवायद तेज की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने मंगलवार को सचिवालय में राज्य में कच्चे तेल और गैस का एक्सप्लोरेशन और दोहन कर रही संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने के लिए देश दुनिया में आ रही नवीनतम तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने बताया कि भूमि पर (ऑनषोर) प्राकृतिक गैस उत्पादन में दूसरा एवं कच्चे तेल के उत्पादन में राजस्थान तीसरे स्थान पर है। बैठक में केयर्न वेदांता, ऑयल इंडिया, ओएनजीसी, फोकस एनर्जी आदि संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एसीएस माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने बताया कि राज्य में एचआरआरएल राजस्थान रिफाइनरी में उत्पादन आरंभ हो गया है और इस 9 एमएमटीपी उत्पादन क्षमता की इस रिफाइनरी में 1.5 मिलियन टन राजस्थान में उत्पादित कच्चे तेल का परिशोधन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पिछले सालों में कच्चे तेल के उत्पादन में कमी आई है। अब प्रदेश में कच्चे तेल का उत्पादन कर रही संस्थाओं को नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राजस्थान में उत्पादित कच्चे तेल का राज्य की रिफाइनरी में ही परिशोधन हो ताकि राज्य के आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकें। अपर्णा अरोरा ने कहा कि राज्य में तेल खोज व दोहन का कार्य कर रही संस्थाओं को दो स्तर पर कार्य करना होगा। इसमें एक तो नए क्षेत्रों में एक्सप्लोरेशन पर जोर देना होगा तो जहां उत्पादन हो रहा है उन क्षेत्रों में नई तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाना होगा। इसके लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करना होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के चार बेसिन यथा जैसलमेर बेसिन, बाड़मेर सांचोर बेसिन, बीकानेर नागौर बेसिन और विंध्यायन बेसिन है जिसमें से जैसलमेर, बाड़मेर सांचोर, और बीकानेर नागौर बेसिन में तेल की खोज और दोहन का कार्य हो रहा है।



निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह ने बताया कि राज्य में राज्य में 12 पेट्रोलियम लीज और 12 ही पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी किये हुए हैं। इस समय करीब 54 हजार बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा हैं वहीं 2.2 एमएमएससीएम प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है। बैठक में केयर्न इंडिया, ओएनजीसी, ऑयल इंडिया और फोकस एनर्जी के प्रतिनिधियों ने विस्तार से कच्चे तेल और गैस की खोज और दोहन कार्य की जानकारी दी। केयर्न इंडिया के प्रतिनिधि ने बताया कि एएसपी तकनीक से उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं वहीं ऑयल इंडिया ने भी नई तकनीक अपनाने की जानकारी दीं बैठक में विशिष्ठ सचिव माइंस श्रीमती नम्रता वृष्णि, एसजी सुनील कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक पेट्रोलियम दिलीप राज शर्मा, उप निदेशक रोहित मल्लाह, मोहन कुमावत, अंकित सोनी व संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# यादगार से सीतापुरा तक सुगम पथ के कार्यों की की समीक्षा जयपुर शहर की 35 प्रमुख सड़कों को उत्कृष्ट बनाने के दिए निर्देश

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन एवं रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसका गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाए तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिला कलक्टर ने यादगार से सीतापुरा तक सुगम पथ बनाने हेतु दिनांक 20 मई 2026 को किए गए निरीक्षण में निर्धारित विभागों को दिए गए निर्देशों की पालना एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों कि समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने जयपुर शहर में संचालित व्यावसायिक भवनों विशेषकर होटल, बार, कैफे, हॉस्टल इत्यादि की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी भवन के बाहर बॉर्ड पर प्रदर्शित कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।




उन्होंने ऑवरलॉडेड, मॉडिफाइड ( फूड वैन ) इत्यादि पर आरटीओ द्वारा प्रवर्तन की की गई कार्रवाई के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नए ब्लेक स्पॉट्स का चिन्हीकरण करने के निर्देश भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। जिला कलक्टर ने जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों की करीब 35 प्रमुख सड़कों के सौन्दर्यीकरण, पैदल यात्रियों की सुविधा, सड़कों की मरम्मत, साइनेज के संबंध में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एवं तकनीकी विषय विशेषज्ञों की सहमति से रोड़ सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट अतिशीघ्र बनवाकर देने के निर्देश जेडीए, नगर निगम, रीको, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने शहर में प्रवेश करने वाले दिल्ली रोड़, आगरा रोड़, सड़कों की मरम्मत कर पेचवर्क कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

## अब बिना एफएसएसएआई लाइसेंस के नहीं परोसा जा सकेगा सार्वजनिक आयोजनों में भोजन

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में आयोजित होने वाले विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. टी. शुभमंगला (आयुक्ता, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान) द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत अब ऐसे आयोजनों में केवल वैध एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण प्राप्त हलवाई, कैटरर एवं भोजन सेवा प्रदाता ही भोजन तैयार और परोस सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार आयोजन से पहले संबंधित आयोजक अथवा कैटरर को कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थल, आयोजक का नाम, मोबाइल नंबर, भोजन तैयार करने वाले कैटरर का नाम, एफएसएसएआई लाइसेंस संख्या, संभावित अतिथियों की संख्या तथा भोजन तैयार एवं परोसने के स्थान की जानकारी संबंधित अभिहित अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी हलवाई, कैटरर्स एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों का सत्यापन किया जाएगा। जिन खाद्य व्यवसाय संचालकों के पास वैध एफएसएसएआई लाइसेंस अथवा पंजीकरण नहीं होगा, उनके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि एसओपी में मैरिज गार्डन, बैंक्वेट हॉल, होटल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन एवं फार्म हाउस संचालकों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में केवल वैध लाइसेंसधारी खाद्य व्यवसाय संचालकों को ही भोजन तैयार करने एवं परोसने की अनुमति दी जाए।

### जयपुर शहर में अवैध गैस भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# 66 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 4 बांसुरियां एवं एक रेगुलेटर जब्त, संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण, कालाबाजारी तथा अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जयपुर शहर में जिला प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित सतर्कता दल ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर एवं अन्य सामग्री जब्त की है। जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि सतर्कता दल ने पुलिस थाना खोनागोरियान के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देविका नगर, बंध्या रोड क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग की पुष्टि होने पर 45 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर तथा 4 बांसुरियां जब्त कीं। वहीं देविका नगर बदिया रोड़ पर ऑटो रिक्शा के माध्यम से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर मौके से 12 घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए। इस प्रकरण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी क्रम में सतर्कता दल ने जोधपुर मिष्ठान भण्डार, झारखंड मोड़, खातीपुरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग की पुष्टि होने पर 9 घरेलू गैस सिलेंडर तथा एक रेगुलेटर सहित रबर पाइप जब्त किया। उन्होंने बताया कि संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुल 66 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 4 बांसुरियां तथा एक रेगुलेटर सहित रबर पाइप जब्त किए गए हैं। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध रिफिलिंग, गैस भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन' अभियान निरंतर जारी है। ऐसे मामलों में संलिप्त



व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग, भण्डारण, कालाबाजारी अथवा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज विंडो

### नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई, 5 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में हरियाली कॉलोनी दुर्गापुरा, दुर्गापुरा पुलिया, दवा मार्केट सेक्टर 28 प्रताप नगर, जीएसआई कॉलोनी नंन्दपुरी अण्डरपास, केशव विहार रिद्धी-सिद्धी चैराहा, गोपालपुरा बाईपास, स्वर्णपथ मध्यम मार्ग मार्ग, रजतपथ मानसरोवर, परिवहन नगर एवं खातीपुरा रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाई कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में हरियाली कॉलोनी दुर्गापुरा, दुर्गापुरा पुलिया, दवा मार्केट सेक्टर 28 प्रताप नगर, जीएसआई कॉलोनी नंन्दपुरी अण्डरपास, केशव विहार रिद्धी-सिद्धी चैराहा, गोपालपुरा बाईपास, स्वर्णपथ मध्यम मार्ग मार्ग, रजतपथ मानसरोवर, परिवहन नगर एवं खातीपुरा रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गौदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों को सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाते हुये पाबंद करवाया कि समय से अस्थाई अतिक्रमण हटाले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

#### जयपुर-लखनऊ रूट पर यात्रियों को दूसरा बड़ा झटका

### इंडिगो की डायरेक्ट फ्लाइट अब सिर्फ 4 दिन ही मिलेगी, 1 जुलाई को बंद की थी मॉर्निंग फ्लाइट

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर और लखनऊ के बीच हवाई सफर करने वाले पैसेंजर्स को एक महीने में दूसरा बड़ा झटका लगा है। इंडिगो ने दोपहर में संचालित होने वाली अपनी फ्लाइट 6श्व-7482 का संचालन सीमित कर दिया है। अब यह फ्लाइट सप्ताह में सिर्फ 4 दिन ही संचालित होगी। इससे पहले 1 जुलाई से इस रूट पर संचालित सुबह की सीधी फ्लाइट बंद कर दी गई थी। ऐसे में दोनों शहरों के बीच रोजाना सीधी एयर कनेक्टिविटी का दावा कमजोर पड़ गया है। **एयरलाइन का नया शेड्यूल** इंडिगो की फ्लाइट 6श्व-7482 अब केवल सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को ही जयपुर से लखनऊ और लखनऊ से जयपुर के बीच संचालित होगी। मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को इस रूट पर कोई सीधी फ्लाइट उपलब्ध नहीं होगी। इससे रेगुलर ट्रैवल करने वाले पैसेंजर्स को अब या तो दूसरे शहरों के जरिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी होगी या फिर ट्रैवल प्लान बदलना पड़ेगा। **इन पर पड़ेगा ज्यादा असर** इस फैसले का सबसे ज्यादा असर व्यापारिक यात्रा करने वाले लोगों, सरकारी काम से आने-जाने वाले अधिकारियों, स्टूडेंट्स, मरीजों और पर्यटन से जुड़े पैसेंजर्स पर पड़ने की संभावना है। पहले जहां रोजाना सीधी फ्लाइट मिलने से यात्रा आसान रहती थी, वहीं अब सप्ताह के तीन दिन सीधी सेवा उपलब्ध नहीं होने से यात्रा का समय और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। एविएशन सेक्टर से जुड़े जानकारों का मानना है कि किसी भी प्रमुख रूट पर सीधी फ्लाइट की संख्या कम होने से पैसेंजर्स का रुझान दूसरे विकल्पों की ओर बढ़ता है। जयपुर और लखनऊ के बीच लगातार बढ़ती यात्रा मांग के बावजूद फ्लाइट संचालन में कटौती से दोनों शहरों के बीच हवाई संपर्क प्रभावित होगा।

#### जयपुर से 16 साल की लड़की का किडनैप कर रेप

### पड़ोसी किराएदार ने तीन महीने तक बंधक बनाकर रखा; आरोपी को जेल भेजा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर से 16 साल की लड़की को किडनैप कर रेप का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने आए किराएदार ने बातचीत कर दोस्ती की। इसके बाद बहला-फुसलाकर मिलने बुलाकर किडनैप किया और तीन महीने तक बंधक बनाकर रेप किया। पुलिस ने तलाश कर नाबालिग पीड़िता का पता लगाया। इस बीच आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार दोपहर जेसी भेज दिया। पुलिस ने बताया- साल 2025 आरोपी युवक कॉलोनी में किराए से रहने आया था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली नाबालिग लड़की से बातचीत कर दोस्ती कर ली। मार्च 2026 में मिलने के बहाने उसे कॉलोनी से बाहर बुलाया और किडनैप कर ले गया। नाबालिग बेटी के लापता होने पर परिजनों ने थाने में किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया। **तीन महीने बाद मिली** पुलिस टीम ने नाबालिग की तलाश की। करीब तीन महीने की मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने नाबालिग को मथुरा उत्तर प्रदेश से ढूंढ निकाला। नाबालिग लड़की के मिलने के दौरान आरोपी युवक फरार हो गया। पीड़िता को जयपुर लाकर नाबालिग के बयान दर्ज किए गए।

नाबालिग पीड़िता के बयान व मेडिकल करवाने पर तीन महीने तक बंधक बनाकर देहशोषण का पता चला। पुलिस ने रेप और पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने काफी प्रयास के बाद फरार आरोपी युवक को रविवार शाम धर-दबोचा।

## प्रताप स्टेडियम, चित्रकूट में 17 जुलाई को 'विशाल रोजगार सहायता शिविर'

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन के तहत एवं राज्यवर्धन सिंह राठौड, माननीय केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सभी वर्गों के आशार्थियों के लाभार्थ संभागीय रोजगार कार्यालय जयपुर, द्वारा 17 जुलाई 2026 को प्रात: 10:00 बजे से एक दिवसीय विशाल रोजगार सहायता शिविर का आयोजन प्रताप स्टेडियम (चित्रकूट स्टेडियम), चित्रकूट, जयपुर में किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें जायेगें। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यवर्धन सिंह राठौड, माननीय केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग ऋषभ मंडल ने बताया की उक्त विशाल रोजगार सहायता शिविर में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रोद्योगिकी, फार्मा, सिक्योरिटी, ई.कॉमर्स, कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। विभिन्न सरकारी विभाग विशाल रोजगार सहायता शिविर में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। विशाल रोजगार सहायता शिविर का अधिक से अधिक युवा आशार्थी एवं नियोजक लाभ प्राप्त कर सकें, इस उद्देश्य से रोजगार विभाग द्वारा फत ब्वकमध्म्उचसवलमत त्महपेजतंजपवद.रवइ पित ;म्म्डै 2५0द्ध पोर्टल जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक शिविर में पंजीकृत हो कर भाग ले सकतें है। संयुक्त निदेशक, संभागीय रोजगार रोजगार कार्यालय, जयपुर श्रीमती नवरेखा के अनुसार अधिक से अधिक संख्या में युवा आशार्थी इस विशाल रोजगार सहायता शिविर में भाग ले कर उक्त शिविर का लाभ उठायें। इस विशाल रोजगार सहायता शिविर में 10जी, 12जी, स्नातक, स्नातकोतर, डिप्लोमा, प्ज्प्, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी आशार्थियों के लिए रिक्तियाँ है, अत: सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त विशाल रोजगार सहायता शिविर का पंजीयन करवाकर अवश्य लाभ उठाएं।

## 'शक्ति दिवस' पर बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों और पोषण माह के अंतर्गत पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक किया गया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।



## 'शहरी सेवा शिविर 2026 'के तहत मालवीय नगर जोन में आयोजित हुआ शिविर

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर निगम द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक 'शहरी सेवा शिविर 2026' का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मालवीय नगर जोन में मालवीय नगर जोन कार्यालय, गैराज परिसर, लालकोठी में षिविर आयोजित किया गया। बुधवार को हवामहल आमेर जोन में हैरिटेज भवन, पुराना पुलिस मुख्यालय, बडी चैपड में षिविर आयोजित किया जायेगा। माननीया सांसद (जयपुर शहर) मंजू शर्मा ने मालवीय नगर जोन में आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविर में मालवीय नगर जोन कार्यालय पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों को पट्टे वितरित किये।

### ऑस्ट्रेलिया के उच्च-स्तरीय राजनयिक पॉल मर्फी ने राज्यपाल बागडे से मुलाकात की

# राजस्थान के विश्वविद्यालयों के साथ ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा के सफल प्रयोगों की विनिमय संभावनाओं पर होगा कार्य

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को लोकभवन में ऑस्ट्रेलिया के उच्च-स्तरीय राजनयिक पॉल मर्फी ने मुलाकात की। इस दौरान लोकभवन में आयोजित अनौपचारिक बैठक में उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार, शिक्षा, और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान में भी उच्च शिक्षा, आदिवासी संस्कृति संरक्षण और कृषि में नवाचारों के सबंध में बैठक में विशेष रूप से चर्चा हुई। राज्यपाल बागडे ने उच्च शिक्षा में ऑस्ट्रेलिया के सफल नवाचारों, आदिवासी संस्कृति संरक्षण और शुष्क क्षेत्र में कम पानी में अधिक पैदावार से जुड़ी कृषि से जुड़े कार्यों से राजस्थान को भी लाभान्वित किए जाने का आह्वान किया। पॉल मर्फी ने राज्यपाल बागडे की पहल पर राजस्थान के विश्वविद्यालयों के साथ ऑस्ट्रेलिया के उच्च शैक्षिक कार्यक्रमों के विनिमय की संभावनाओं पर कार्य करने पर सहमति जताई। बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में राजस्थान स्थित विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं एवं ऑस्ट्रेलिया के शिक्षाविदों और कुलपतियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद और चर्चा आयोजित होगी। इसके साथ ही अन्य शैक्षिक एक्सचेंज कार्यक्रमों और गतिविधियों के संबंध में भी संभावनाएं तलाश कर उन पर कार्य किया जाएगा। राज्यपाल बागडे को पॉल मर्फी ने ऑस्ट्रेलिया में कम पानी और शुष्क वातावरण में कृषि से जुड़ी पद्धति के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी। राज्यपाल बागडे ने इस तरह की कृषि पद्धति से राजस्थान को भी लाभान्वित किए जाने का आग्रह किया। राजस्थान की आदिवासी धरोहर संरक्षण के संबंध में भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। इसके अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया उच्चस्तरीय राजनयिक, वाणिज्यिक महादूत पॉल मर्फी ने ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी एबोरिजिनल ओरिजिन पीपल इन ऑस्ट्रेलिया और राजस्थान के आदिवासी लोगों की संस्कृति से संबंधित धरोहर संरक्षण के संबंध में भी कार्य करने पर सहमति जताई। इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल अगले एक—दो माह में उदयपुर स्थित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का भ्रमण करेगा और इस संबंध में भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर विचार करेगा। उल्लेखनीय है कि



राज्यपाल बागडे जब महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष थे तब उनका ऑस्ट्रेलिया जाना हुआ था। इसी दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सिविक सेंस, सड़क यातायात और शिक्षा तथा कृषि क्षेत्र के कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें भारत के लिए भी उपयोगी बताया था। इसी आलोक में ऑस्ट्रेलिया के उच्च स्तरीय राजनयिक ने राजस्थान में भी कार्य करने की भविष्य की संभावनाओं पर सहमति जताई है। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कृषि से जुड़े कार्यों के बारे में चर्चा की। सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया महावाणिज्यदूत के सहायक नजीन लूथ भी इस दौरान उपस्थित रहे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### प्रधान का बचाव क्यों



नीट परीक्षा का पर्चा आउट होने से लेकर अन्य कई तरह के आरोपों से घिरे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जहां जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन चल रहा है वहीं दूसरी ओर यहीं पर छात्रों के समर्थन में प्रसिद्ध शिक्षा विद पर्यावरण विद् सोनम वांगचुक पिछले 17 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है लेकिन मंत्री जी अपने पद पर बने हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस के कई मंत्रियों को त्यागपत्र के लिए विवश कर दिया था विधानसभा लोकसभा कई दिन तक नहीं चलने दी गई। लेकिन यही भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने किसी भी मंत्री को किसी भी दबाव में पद नहीं छोड़ने देती। चाहे मंत्री को कोर्ट ने दोषी मान लिया हो, चाहे मंत्री ने गलत बयान बाजी करी हो और पकड़ा गया हो, चाहे मंत्री की कोई बहुत चर्चित योजना फेल हो गई, काम में गड़बड़ पाई गई भ्रष्टाचार पाया गया, मंत्री के कामकाज में फैलियरनेस दिखाई दी परंतु कहीं भी किसी मंत्री पर गाज नहीं गिरी। नीट परीक्षा में मंत्री की असफलता सार्वजनिक हो चुकी है बड़ी बात तो यह है कि अभी पकड़े गए अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले साल भी पर्चा आउट किया था। इस वर्ष जो पर्चा आउट हुए और पहले भी जो हुए वह सब सब परचे सेट करने वालों ने किए थे । इस वर्ष नीट परीक्षा दोबारा की गई जिस पर करोड़ों रुपए सरकार का खर्च हुआ है इस बीच कम से कम दो दर्जन छात्रों ने आत्महत्या की इसका कलंक किसके ऊपर है। इस परीक्षा के परीक्षा आउट होने की नैतिक जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री को लेनी चाहिए लेकिन उल्टा यह हो रहा है कि सब आमरण अनशन पर बैठे सोनम वांगचूक को अनशन खत्म करने की सलाह दे रहे हैं कोई सरकार को नहीं कह रहा है कि मंत्री का इस्तीफा ले लो।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1916 : दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरूआत.
1926 : बॉम्बे में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत.
1955 :राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की.
1979 : भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया.

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑ राष्ट्रपति ट्रंप बोले ईरान को बुरी तरह मारेंगे और अमेरिका हॉर्मूज स्टेट का कंट्रोल संभालेगा।

◆इच्छा तो उनकी और भी है पर बात नहीं रहे हैं।

❑ रूस ने ईरान भेजा प्रलय विमान, अमेरिका के लिए बड़ा संदेश।

◆अब आएगा मजा आएगा अमेरिका का जब बराबर की टक्कर होगी।

❑सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के दुरुपयोग पर चिंता जताई।

◆दुरुपयोग करने का मौका ही क्यों दो।

❑राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एस आई टी से रिपोर्ट मांगी।

◆ताकि असलियत तो मालूम पड़े।

❑लगातार छठे महीने देश में महंगाई बढ़ाकर 4.38 प्रतिशत पर पहुंची।

◆अभी तो देखे जाओ क्या हाल होगा।

❑कानून व्यवस्था को लेकर एक्शन मोड में मुख्यमंत्री भजनलाल कहा बदमाशों की रूह कापनी चाहिए।

◆अभी तो सरकार की दिख रही है।

❑राजस्थान में मानसून 7 दिन में फिर रफ़्तार पकड़ेगा।

◆नहीं आएगा तो जवाब देना भारी पड़ जाएगा।

❑राजस्थान में ट्रांसपोर्टर की अनिश्चितकालीन हड़ताल 10000 ट्रकों के पहिए थमें।

◆परेशानी तो जनता को होनी है।

*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### बुधवार 15 जुलाई , 2026

**मेष राशि:** लंबे समय से अटके रोजगार से संबंधित कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आलस्य, प्रमाद से बचें। यात्रा से धन प्राप्त होगा।

**वृषभ राशि:** अनजाने में हुई गलती से दुखी होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। समय मध्यम रहेगा। परिस्थिति में पहले से कुछ सुधार होगा।

**मिथुन राशि:** कारोबार विस्तार के लिए समय उपयुक्त है। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता जरुर मिलेगी। भावनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क राशि:** तकनीकी खराबी के कारण आप के कार्य लंबित होंगे। आपकी लापरवाही से कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न हो सकती है। व्यस्तता के कारण निजी जीवन में उथल-पुथल संभव है।

**सिंह राशि:** आपको पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। पुराने रोगों से परेशान रहेंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से लाभ मिलेगा। संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी में बदलाव होगा।

**कन्या राशि:** परिवार में शुभ प्रसंग के अवसर आयेंगे। परिजनों के सहयोग से ही कार्य होगा। भाग्य साथ देगा और आप को समस्या का समाधान होगा। जिस किसी पर आप शंका कर रहे हैं, वह गलत है।

**तुला राशि:** कई दिनों से अधूरे काम आज पूरे होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ प्रसंग होंगे तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चित्त प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आपकी मनमर्जी के कारण नुकसान होने की संभावना है। अपने व्यवहार में नर्मी लायें। यात्रा के योग है। नकारात्मकता हावी होने से निर्णय लेने में विलंब होगा।

**धनु राशि:** किसी की भी निंदा न करें। अपनों से व्यवहार कमजोर होगा। दोस्तों के साथ मनोरंजन आदि में समय व्यतित होगा। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य जरूरी है।

**मकर राशि:** साझेदारी में धन का निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करेंगे। स्थानादि परिवर्तन के योग बनेंगे। स्त्री पक्ष से विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ राशि:** कारोबार में समय व परिस्थिति में सुधार होगा। कम समय में काम को पूरा करेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। लेखा-जोखा के कार्य में विशेष सावधानी बरतें।

**मीन राशि:** तेल तिलहन में धन निवेश करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका समय शुभ व अनुकूल होगा। घर में शुभ व मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। संतान के वैवाहिक प्रस्ताव सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राजस्थानी संस्कृति के अमर साधक के. सी. मालू एक युग का अवसान, एक विरासत का अमरत्व



**ललित गर्ग**

कुछ व्यक्तित्व केवल अपने जीवनकाल तक सीमित नहीं रहते, वे अपने समय की सांस्कृतिक चेतना बन जाते हैं। उनके जाने के बाद भी उनकी साधना समाज की स्मृतियों, संस्कारों और परंपराओं में जीवित रहती है। राजस्थानी लोकसंगीत, भाषा, साहित्य और संस्कृति के ऐसे ही युगपुरुष थे केसरी चंद (के.सी.) मालू। उनका निधन केवल एक व्यक्ति का निधन नहीं है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा के एक स्वर्णिम अध्याय का विराम है। उन्होंने अपने जीवन को जिस निष्ठा, समर्पण और तपस्वी भाव से राजस्थानी अस्मिता के संरक्षण में समर्पित किया, वह उन्हें सामान्य व्यक्तियों की श्रेणी से बहुत ऊपर स्थापित करता है। आज जब बाजारवाद और वैश्वीकरण की तेज आंधी में लोकसंस्कृतियां अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तब के. सी. मालू जैसे व्यक्तित्वों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो एक अकेला व्यक्ति भी पूरी सांस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचा सकता है। उन्होंने राजस्थानी लोकधुनों एवं लोकगीतों को केवल संग्रहित नहीं किया, बल्कि उन्हें नई पीढ़ी की धड़कनों तक पहुंचाया। उन्होंने संस्कृति को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने दिया, बल्कि उसे जनजीवन की सांसों से जोड़ दिया। निश्चित ही वे लोकधुनों के सजग प्रहरी थे, संस्कृतिप्रेमी एवं कला-साधक थे। संगीत उनके लिए केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि संस्कृति का प्राण था। उन्होंने हजारों लोकगीतों की पांडुलिपियां तैयार करवाईं, ध्वनिलिपियां बनवाईं, उनकी रिकॉर्डिंग करवाई और उन्हें सुरक्षित रखा। बिना किसी सरकारी सहायता के पांच हजार से अधिक लोकगीतों का संरक्षण अपने आप में विश्वस्तरीय सांस्कृतिक साधना है। यह कार्य किसी संस्थान के लिए भी कठिन माना जाता है, लेकिन उन्होंने इसे अपने जीवन का मिशन बना लिया। यही कारण है कि आज राजस्थान की अनेक लोकधुनें, विवाह गीत, मांड, पणिहारी, घूमर, चिरमी और असंख्य लोकगाथाएं सुरक्षित हैं। वीणा म्यूजिक की स्थापना केवल एक व्यावसायिक संस्था की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा को स्वर देने का अभियान था। उस दौर में जब लोककलाकार गुमनामी के अंधेरे में खो रहे थे, उन्होंने उन्हें मंच दिया, सम्मान दिया और पहचान दी। अनेक कलाकार, जिनकी प्रतिभा गांवों तक सीमित थी, उनके प्रयासों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचे। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी क्षेत्र की सीमाओं में कैद नहीं होती, बल्कि वह पूरी मानवता की सांस्कृतिक धरोहर होती है। ऐसा प्रतीत होता है उनके जीवन की हर पात में संगीत की झंकार है। राजस्थानी संस्कृति, संगीत एवं लोकधुनों से जहां-जहां साक्षात्कार होगा, वहां-वहां के.सी. मालू के कदमों के निशान मिलेंगे। उनका मन एवं कर्म सृजनात्मक था। के.सी. मालू की दृष्टि केवल संगीत तक सीमित नहीं थी। वे राजस्थानी भाषा के भी प्रखर प्रहरी थे। उनका मानना था कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक स्मृति होती है। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं अपनी माटी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने देश और विदेश के अनेक मंचों पर राजस्थानी भाषा की गरिमा और उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचकर भी विनम्र बने रहे। उनके भीतर कलाकार का संवेदनशील हृदय, साहित्यकार की दृष्टि और समाजसेवी की आत्मीयता एक साथ दिखाई देती थी। वे जानते थे कि संस्कृति केवल पुस्तकों या मंचों से जीवित नहीं रहती, बल्कि लोगों के जीवन में उतरने से जीवित रहती है। इसलिए उन्होंने लोकसंगीत को गांवों से निकालकर शहरों तक और भारत से निकालकर विश्वभर के राजस्थानी समाज तक पहुंचाया। वर्ष 1987 में अकाल पीड़ितों की सहायता के लिए लता मंगेशकर नाइट का आयोजन कर एक करोड़ रुपये की सहायता राशि जुटाना उनके सामाजिक दायित्वबोध का अद्भुत उदाहरण है। यह बताता है कि उनके लिए संगीत केवल कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी था। उन्होंने अपने संसाधनों और प्रतिष्ठा का उपयोग समाजहित के लिए किया। आज जब कला का बड़ा हिस्सा केवल व्यवसाय बनता जा रहा है, तब के.सी. मालू का जीवन यह संदेश देता है कि कला का सर्वोच्च उद्देश्य समाज को समृद्ध बनाना है। उनके द्वारा संकलित 221 राजस्थानी विवाह गीतों का विशाल संग्रह विश्व में अपनी तरह का अनूठा उदाहरण है। यह केवल गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि राजस्थान की सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संस्कारों और सांस्कृतिक स्मृतियों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने यह समझ लिया था कि यदि लोकगीत बचेंगे तो लोकजीवन भी बचेगा। इसलिए उन्होंने संगीत के माध्यम से संस्कृति की रक्षा का महान कार्य किया। मेरा उनसे संबंध केवल एक प्रशंसक का नहीं था, बल्कि आत्मीयता का था। मेरे पूज्य पिताजी स्व. श्री रामस्वरूप जी गर्ग जब भी जयपुर जाते थे, तो के.सी. मालू जी से अवश्य मिलते थे। दोनों के बीच साहित्य, संस्कृति, जैन दर्शन और समाज के विविध विषयों पर लंबी चर्चाएं होती थीं। उन चर्चाओं का उल्लेख मैं बचपन से सुनता आया हूं। उन संवादों में केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता था, बल्कि संस्कृति के भविष्य की चिंता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी दिखाई देता था। बाद में मुझे भी उनसे मिलने और उनके स्नेह का लाभ लेने का अवसर मिला। उनकी सहजता, आत्मीयता और विचारों की गहराई आज भी स्मृतियों में ताजा है। वे जब भी राजस्थान की संस्कृति की बात करते थे, उनके शब्दों में केवल जानकारी नहीं होती थी, बल्कि मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम झलकता था। वे मानते थे कि अपनी जड़ों से जुड़ा समाज ही भविष्य का निर्माण कर सकता है। शायद यही कारण था कि उन्होंने आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए भी परंपरा को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने डिजिटल माध्यमों पर भी राजस्थानी संगीत को स्थापित किया, जिससे दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला राजस्थानी अपनी मिट्टी की सुगंध को महसूस कर सके। आप एक सेतु बन सकते हैं खूबसूरत, जिन्दगी बांचने वाला एवं संस्कृति-संरक्षण करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को संस्कृतिमय बना सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ 'वीणा' के संस्थापक के. सी. मालू का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महानता पद, सत्ता या संपत्ति से नहीं आती, बल्कि उस विरासत से आती है जो व्यक्ति समाज को देकर जाता है। उन्होंने अपने पीछे न केवल हजारों गीतों का खजाना छोड़ा है, बल्कि असंख्य कलाकारों की मुस्कान, लाखों श्रोताओं की स्मृतियां और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक अमूल्य स्रोत भी छोड़ा है। यही किसी भी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। आज उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मन बार-बार यही कहता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होते हैं, किंतु अपने कार्यों के कारण कभी विदा नहीं होते। के. सी. मालू भी ऐसे ही अमर व्यक्तित्व हैं। जब भी राजस्थान की धरती पर घूमर की थाप गूंजेगी, मांड की मधुर स्वर-लहरियां बहेंगी, विवाह गीतों में लोकसंस्कृति का उल्लास झलकेगा, तब-तब उनकी साधना स्मरण की जाएगी। वे हर उस स्वर में जीवित रहेंगे, जिसमें राजस्थान की माटी की सुगंध होगी। मालू का जीवन एक संदेश है कि संस्कृति का संरक्षण किसी सरकार का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सजग व्यक्ति का दायित्व है। यदि एक व्यक्ति संकल्प ले ले तो वह पूरी पीढ़ियों की सांस्कृतिक स्मृति को सुरक्षित रख सकता है। के.सी. मालू ने यही करके दिखाया। इसलिए उनका जाना केवल एक रिक्तता नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी छोड़ गया है जिसे समाज को मिलकर निभाना होगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे पुण्यात्मा के. सी. मालू को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों, असंख्य शुभचिंतकों और समस्त कला-जगत को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उनके द्वारा प्रज्वलित संस्कृति, संगीत और भाषा का यह दीपक आने वाली पीढ़ियों को सदैव आलोकित करता रहेगा।

# प्रभाष जोशी की जयंती पर विशेषः पत्रकार को लिखे हुए को बेचना भी आना चाहिए



**सुरेश पारीक**

मैं अपनी बात राजस्थान के उपमुख्यमंत्री रहे हरिशंकर भाभडा से शुरू कर रहा हूँ ।एक दिन मैं भाजपा कार्यालय में था तब भाभडा जी एक कार्यकर्ता को डाँट रहे थे कि तुम्हारे पास मंहगी गाड़ी कहाँ से आ गई । उन्होंने मुझे बताया कि मैं जानता हूँ इसके पास कमाई का कोई ज़रिया नही है फिर भी मंहगी गाड़ी में घूम रहा है ।भाभडा जी को लगा कि उनकी पार्टी का कार्यकर्ता किस अनैतिक कमाई में लग गया ।भाभडा जी के निधन के बाद मैंने लिखा था कि कार्यकर्ताओं पर नज़र रखने वाले अब ऐसे नेता कहाँ भाइयों प्रभाष जी भी ऐसे पत्रकार थे जो पत्रकारों पर नज़र रखते थे कि कहीं अनैतिक कार्यों से वह पैसे तो नही कमा रहा है । जनसत्ता के अलावा भी अन्य पत्रकारों पर उनका नैतिक प्रभाव था कि कहीं जोशी जी की नज़र में गिर नहीं जाये ।एक बार तब के गोदी मिडिया ने मेरे बारे में उन्हें ग़लत जानकारी दे दी ।जब वह जयपुर आए तो मुझे कहा कि तुम भी मकान वकान के चक्कर में पड़ गए मैंने मना किया और किसी बहाने उन्हें अपने घर ले गया और तब मेरा किराए का मकान देखकर संतोष हुआ । उनके मन में यही था कि पत्रकारिता में आये हैं तो उसके काम में इतना लग जाओ कि मेहनत और प्रतिभा का यादा से ज़्यादा प्रभाव नज़र आए । मैंने सिददराज ढडढा जी से भी सुना था कि पत्रकारिता एक साधना हैं जिसके तप में निखरने पर ही कोई अपना महत्वपूर्ण सर्वस्व समाज को दे सकता है ।

आपने एक मौलवी का क़िस्सा सुना होगा जिसमें उनके घरवालों ने पड़ौसी की मुर्गी को हलाल कर लिया था ।मौलाना के मना करने पर उनकी पत्नी ने कहा कि चलो शोरबा तो ले लो और जब वह थाली में डालने लगीं तो एक बोटी उसमें गिर गई ।जब पत्नी बेटी को उठाने लगी तो मौलाना ने कहा कि जो अपने आप आती है तो उसे आने दो ।जो आपकी ईमानदारी और परिश्रम से आता है तो उसका कोई दोष नही है लेकिन आज आपाधापी में आप जो कर रहे है उससे स्वार्थ सिद्धी तो हो रही हैं लेकिन वह सम्मान नहीं मिलता जिसके लिए आप लालायित रहते हैं ।बहुत से लोगों को सम्मान चाहिए भी नहीं इसलिए सब तरफ़ गिरावट नज़र आ रही हैं ।पत्रकारिता ही नहीं किसी भी पेशे का सम्मान तभी होगा जिसमें तपस्वी ईमानदार लोगों काँ वर्चस्व बढ़ेगा ।जोशी जी को भी हम आज इसलिए याद कर रहें है क्योंकि उन्होंने अपनी ईमानदारी त्याग तपस्या से पत्रकारिता को ऊंचाइयों पर लाने में सफल रहे ।मैं इतने उच्च आदर्श की बात नहीं करूँ तो अपनी गिरेबान में झाँकने की बात तो कर ही सकता हूँ ।सरकार राजनीतिक दल न्याय व्यवस्था चिकित्सा ,पत्रकारिता या नौकरशाही सब छेत्र में ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो अपनी कमियाँ बता सके और उसे ठीक करने का प्रयास करें ।गलती होने पर अपनी पीठ पर कोड़े मार करउसका पश्चाताप कर सके ।लेकिन यह साहस कोई करता है तो उसकी बिरादरी में ही सबसे पहले खिलाफत शुरू होती है ।यह भी समाज में गिरावट का प्रतीक है । आज बहुत से लोग गोदी मीडिया की बात करते है मैं इससे इंकार नहीं कर रहा लेकिन सरकार की आलोचना के अलावा भी बहुत से काम हैं जिनसे मीडिया अपनी ताक़त बढ़ा सकता हैं ।हम सोचते है कि सरकार की वजह से मीडिया में गड़बड़ है लेकिन मेरा मानना है कि सत्ता किसी भी दल की हो वह अपने सामने कोई भी ताक़त खड़ी होते नहीं देखना चाहती । पहले यह कहा जाता था कि मीडिया पूँजीपतियों के हाथ में है और काग़ज़ स्याही मशीन पर लगने वाली पूंजी अधिक होने के कारण बहुत कम पत्रकार ही अख़बार निकालने का साहस दिखाते थे लेकिन आज स्याही काग़ज़ मशीन के बिना भी डिजिटल मीडिया खड़ा हो सकता हैं ।

पहले की तरह दिमाग़ आपका ही इस्तेमाल हो रहा है लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नही आया ।यदि अच्छे पत्रकारों के समूह खड़े हो जाए तो पत्रकारिता मज़बूत हो सकती हैं लेकिन कुछ पत्रकारों का मानना है कि वह लिख सकते है लेकिन बेचने का काम नहीं कर सकते लेकिन मेरा मानना है कि तस्वीर बदलनी है तो उसके लिए हर उपाय करने होंगे जो उसकी ज़रूरत है ।आज रोज़गार की पत्रिकारिता का बोलबाला है इसमें रोज़गार दिलाने वाले संस्थान खड़े हो रहे जो रोजमर्रा की पत्रकारिता सिखा रहे हैं लेकिन जो गहराई चाहिए उस तक पहुँच नहीं हैं ।यही कारण हैं कि आज प्रेस क्लब और संगठनों में ऊँची सोच के लोगों का अभाव है जो कुछ पाने के लिये गरिमा का भी त्याग करने के लिए तैयार रहते हैं ।मैं मानता हूँ कि पत्रकार की भूमिका एक शिक्षक की होगी तब ही समाज को उसकी बुराइयों से दूर किया जा सकता है लेकिन सिखाने वाले की सोच और दृष्टि भी उसी तरह की हों तब ही समाज आपसे सीखने के लिये तैयार होगा अन्यथा आप पर हँसने वालों की कमी नही रहेगी ।

# विश्व युवा कौशल दिवस : हुनर ही भविष्य की पहचान है



**बाल मुकुन्द ओझा**

विश्व युवा कौशल दिवस हर साल 15 जुलाई को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। 15 जुलाई 2026 को विश्व युवा कौशल दिवस की 11 वीं वर्षगांठ है। इस दिवस की शुरुआत इसलिए की गई ताकि वैश्विक स्तर पर कौशल की कमी की ओर ध्यान दिया जा सके, जो कई युवाओं को अच्छे रोजगार पाने और समाज में पूरी भागीदारी से वंचित करती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल का होना जरुरी है। तकनीकी प्रगति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और बदलते कार्यस्थलों के कारण युवाओं को लगातार नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को निखारने की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 26.7 करोड़ युवा ह्श्वश्वञ्ज यानि रोज़गार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं है की श्रेणी में हैं, और यह संख्या 27.3 करोड़ तक पहुँचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करता है। हुनर ही भविष्य की सबसे बड़ी पहचान है। हर नई स्किल सफलता का मार्ग खोलती है। सीखना सतत जारी रखना होगा। आज का कौशल, कल की ताकत है। मेहनत और हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाते। कौशल ही रोजगार का सबसे मजबूत आधार है। भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है, और उनमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लगभग एक करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं और उनमें से केवल आधे ही रोज़गार के योग्य माने जाते हैं, ऐसे में कौशल-आधारित, उद्योग-केंद्रित शिक्षा मॉडल की आवश्यकता पहले कभी इतनी ज़रूरी नहीं थी, लेकिन, अब इस अंतर को पाटना केवल एक आर्थिक अनिवार्यता नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है। भारत सरकार भी युवाओं को कौशल में प्रवीण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्किल इंडिया मिशन आदि। इन योजनाओं का लक्ष्य युवाओं को विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी है। कौशल भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजना शामिल है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए कौशल भारत कार्यक्रम का परिव्यय 8,800 करोड़ रुपये है। समस्या केवल नौकरी की कमी नहीं है—बल्कि शिक्षा प्रणाली और श्रम बाजार की ज़रूरतों के बीच मेल न होना है। साथ ही उचित क्रियान्वयन, उद्योग से तालमेल और नतीजों की निगरानी। कौशल विकास कार्यक्रम नतीजों में बदलने चाहिए, केवल घोषणाओं में नहीं। एक अन्य रिपोर्ट में भारत में बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत में बेरोजगारी एक गंभीर और दीर्घकालिक समस्या है, जो तेज जनसंख्या वृद्धि, कम उत्पादकता, अशिक्षा और आर्थिक संरचनात्मक असंतुलन जैसे कारणों से उत्पन्न होती है। इसके समाधान के लिए भारत सरकार ने विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रमों जैसे ग्रामीण विकास योजनाएँ। स्वरोजगार योजनाएँ और शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम लागू किए हैं, जिन्होंने रोजगार बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भ्रष्टाचार, जागरूकता की कमी, राजनीतिक हस्तक्षेप और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियाँ इन योजनाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि कौशल विकास पर सही ढंग से ध्यान दिया जाये तो तो भारत बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास प्राप्त कर सकता है।

# राहुल के गुप्त विदेशी दौरे की कीमत चुकाती कांग्रेस



**संजय सक्सेना**

लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी 20 दिनों की गोपनीय यात्रा के बाद भारत वापस आ गये हैं। इस यात्रा के खिलाफ बीजेपी ने राहुल गांधी से कई सवाल पूछे हैं। भाजपा मीडिया सेल ने सवाल किया है कि राहुल गांधी बतायें कि वह 20 दिनों तक कहां रहे,किस किस से मिले और उनकी यात्रा का खर्चा किसने उठाया। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि जब राहुल गांधी की विदेष यात्रा को लेकर बघेड़ा खड़ा हुआ है। राहुल अक्सर बिना बतायें विदेष दौरे पर चले जाते हैं। इस दौरान वह अपनी सुरक्षा की भी चिंता नहीं करते हैं। कई बार तो वह अपने सुरक्षा कर्मियों तक को चकमा देकर निकल जाते हैं। राहुल गांधी के लम्बे समय तक विदेष चले जाने के कारण कांग्रेस को संगठनात्मक फैसले लेने में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता है। पंजाब कांग्रेस का विवाद इसका ताजा उदाहरण है,जो राहुल गांधी के विदेष दौर के चलते सुलझ नहीं पाया है। राहुल गांधी को विदेष से लौटने के साथ ही, उन्हें भाजपा के तीखे सवालों का सामना करना पड़ रहा है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी की विदेश यात्राएं विवादों में घिरी हों; अक्सर उनकी गायब होने की शैली और उससे उपजे राजनीतिक संकट कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी पहेली और चुनौती बनते रहे हैं। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। भाजपा का तर्क है कि एक प्रमुख विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी की गतिविधियों पर देश के लोगों का अधिकार है। भाजपा द्वारा उठाया जा रहा है कि राहुल गांधी इन 20 दिनों तक वास्तव में कहाँ थे? इस दौरान उनकी मुलाकात किन विदेशी हस्तियों, संगठनों या संदिग्ध व्यक्तियों से हुई? इस लंबी यात्रा का वित्तीय स्रोत क्या था और इसका खर्च किसने उठाया? सवाल यह भी पूछा गया है कि क्या राहुल गांधी का अपनी सुरक्षा टीम को चकमा देकर चले जाना, उनकी सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रति लापरवाही को नहीं दर्शाता है। राहुल या उनकी पार्टी इन सवालों का जबाव देगी,इसकी उम्मीद नहीं है। दरअसल,राहुल का अचानक विदेश यात्राओं पर जाना उनकी कार्यशैली का एक हिस्सा रहा है। अतीत में भी ऐसी कई यात्राएं विवादों का केंद्र रही हैं। अबकी यात्रा की तरह ही 2015 में बजट सत्र के ठीक पहले राहुल गांधी की कई हफ्तों की गुमशुदगी ने कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया था। उस समय पार्टी रणनीतिक रूप से कमजोर दिखाई दी थी। इसके अलावा भी कई बार राहुल गांधी व्यक्तिगत कारणों से यूरोप की यात्राओं पर जाते रहे हैं, जिनकी जानकारी कांग्रेस पार्टी भी आधिकारिक रूप से साझा करने से बचती है, जिससे अटकलों का बाजार गर्म रहता है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी अक्सर अपनी एसपीजी सुरक्षा या वर्तमान सुरक्षा को सूचित किए बिना निजी यात्राओं पर निकल जाते हैं, जो उनके पद की गरिमा और सुरक्षा मानकों के लिहाज से जोखिम भरा है। वहीं राहुल गांधी का लंबे समय तक पार्टी से दूर रहना कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे के लिए कई समस्याओं को जन्म देता है। खासकर पार्टी के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में ठहराव आ जाता है। कांग्रेस की कार्यप्रणाली राहुल गांधी के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके न होने से पार्टी में बड़े फैसले अटक जाते हैं। पंजाब कांग्रेस का हालिया अंतर्कलह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब पार्टी को संकट प्रबंधन की जरूरत थी, उस वक्त नेतृत्व की अनुपलब्धता ने स्थिति को और बिगड़ने दिया। इसी तरह से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिरता है जब चुनाव के ठीक पहले या महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के बीच शीर्ष नेता गायब हो जाता है, तो नीचे के स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। और उनमें नेतृत्व के प्रति असुरक्षा की भावना पैदा होती है। भाजपा राहुल गांधी के इस व्यवहार को पार्ट-टाइम पॉलिटिक्स के रूप में प्रचारित करती है। इससे कांग्रेस को यह समझाने में मुश्किल होती है कि वह देश की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर है। राहुल के विदेष दौरे के खिलाफ बीजेपी हमलावार रहती है तो कांग्रेस इन आरोपों को राहुल गांधी के निजी जीवन में दखल बताती है।

## जिला कलक्टर ने किया शहर का निरीक्षण

# सफाई व्यवस्था, जलभराव क्षेत्र एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के दिये निर्देश

**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर डीग मयंक मनीष ने मंगलवार को डीग शहर के विभिन्न बाजारों सार्वजनिक स्थलों और मुख्य सड़क मार्गों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी मानसून के मद्देनजर जलभराव नियंत्रण साफ सफाई सड़कों से अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण हटाने तथा यातायात को सुगम बनाने के लिए पार्किंग व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। जिला कलक्टर ने अपने निरीक्षण की शुरुआत गणेश मंदिर से की जिसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल पार्किंग नई सड़क सब्जी मंडी सफाई व्यवस्था मेला ग्राउंड एरिया में नेहरू पार्क के पास निर्माणाधीन फूड स्ट्रीट बड़ा बाजार लोहा मंडी तथा पुराना बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में पार्किंग के पुख्ता



प्रबंध करने को कहा ताकि मरीजों और आमजन को असुविधा न हो। शहर की सड़कों के संकरे होने के कारणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि नगर परिषद नियमों और मास्टर प्लान के तहत शहर के सभी छोटे बड़े स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की समस्त कार्यवाही पूरी तरह से विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार नोटिस व सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर संपादित की जाए जिससे सड़कों को चौड़ा किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी आए। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया के माध्यम से शहरवासियों से भी अपील की कि यह शहर उनका अपना है इसलिए यदि किसी ने अनधिकृत रूप से अतिक्रमण कर रखा है तो वे सुगम यातायात और शहर के विकास में भागीदारी निभाते हुए स्वे%छा से उसे हटा लें। मानसून प्रबंधन और जलभराव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर परिषद द्वारा मुख्य नालों की करवाई गई सफाई पर संतोष व्यक्त किया लेकिन साथ ही निर्देश दिए कि नालों से निकाली गई सिल्ट जो सड़कों के कोनों पर पड़ी है उसे तुरंत वहां से उठाकर निस्तारित किया जाए ताकि बारिश में वह दोबारा नालों में न बहे। उन्होंने नालों की रूटीन सफाई अनवरत जारी रखने को कहा ताकि मानसून के चरम पर होने के दौरान जल निकासी में कोई बाधा न आए। इसके अतिरिक्त शहर के निचले और संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां तत्काल पंप व पंप.सेट स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आपात स्थिति में पानी को तुरंत निकाला जा सके।

राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान और अनुकूल मौसम को देखते हुए उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पौधारोपण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने नेहरू पार्क और मेला ग्राउंड एरिया में चल रहे फूड हब के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मीडिया द्वारा बृजेंद्र पार्क के बारे में पूछने पर उन्होंने जानकारी दी कि बृजेंद्र पार्क को नगर परिषद द्वारा वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। पार्क में कचरे से निर्मित विभिन्न कलाकृतियां व स्ट्रक्चर्स बनकर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने पार्क के निचले हिस्सों में मिट्टी डलवाकर भराव करने तथा वहां चोरी की घटनाओं और असामाजिक तत्वों के जमावड़े को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क का उचित रखरखाव कर इन कलाकृतियों को व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए ताकि शहरवासियों को भ्रमण और मनोरंजन के लिए एक नया स्थल मिल सके। शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर ने पुलिस विभाग के सहयोग से सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के संबंध में बताया कि पूछरी क्षेत्र में कैमरे सुचारू रूप से इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ एक्टिव हो चुके हैं जबकि शहर में कई स्थानों पर कैमरे लग चुके हैं और कुछ पर कार्य प्रक्रियाधीन है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमराज गौड़ के निर्देशानुसार मंगलवार को महिला बाल विकास कार्यालय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राम किशन शर्मा द्वारा की गई एवं इस अवसर पर लीगल डिफेंस काउंसिल के चीफ विनोद कुमार शर्मा डिप्टी चीफ राजेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य रूप से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं तथा क्षेत्र की अन्य महिलाओं ने बढ-चढकर भाग लिया। शिविर में मुख्य अतिथि एवं प्राधिकरण के सचिव राम किशन शर्मा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ हैं और जब तक वे अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं होंगी तब तक एक सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। शर्मा ने महिलाओं से जुडे विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम और इसके तहत मिलने वाली कानूनी सहायता। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा समाज से इस कुप्रथा को मिटाने में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की भूमिका। नि:शुल्क विधिक सहायता योजना जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को अदालत में पैरवी के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराए जाते हैं। भरण पोषण के अधिकार और लैंगिक समानता से जुडे कानून। सचिव ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को समाज की एक महत्वपूर्ण कडी बताते हुए अपील की कि वे अपने अपने क्षेत्रों में शोषित या पीडित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से न्याय दिलाने में मददगार बनें।

### कार्रवाई में जांच के लिए भेजे संदिग्ध पनीर व दूध के नमूने

## दिल्ली की प्रसिद्ध शिकंजी रेहडि़यों का भी किया निरीक्षण, स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान सरकार, जयपुर डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग के नेतृत्व में खाद्य प्रतिष्ठानों एवं रेहड़ी संचालकों का सघन निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मंगलवार को निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय पर




संचालित दिल्ली की प्रसिद्ध शिकंजी रेहडि़यों की जांच की गई। टीम ने शिकंजी बनाने में उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान बाजार क्षेत्र में हरियाणा के श्री बालाजी मिल्क सेंटर, बद्दू (फतेहाबाद) द्वारा स्थानीय डेयरियों में आपूर्ति के लिए लाए जा रहे परिवहन वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में मिले संदिग्ध पनीर का नमूना लेकर परीक्षण हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर भेजा गया। साथ ही जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित फर्म को जिले में पनीर की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश दिए गए।

इसी अभियान के तहत अल्फा सिटी स्थित श्री विनायक डेयरी से भी दूध का नमूना लेकर जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## डीग शहर के निरीक्षण में जिला कलक्टर ने दिए सफाई, अतिक्रमण और मानसून प्रबंधन के निर्देश

**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर मयंक मनीष ने मंगलवार को डीग शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर मानसून प्रबंधन, सफाई, अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल के पास पार्किंग व्यवस्था सुधारने, नालों की नियमित सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट तत्काल हटाने तथा संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पंप लगाने के निर्देश दिए। शहर में स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणों को नियमानुसार हटाकर सड़कें चौड़ी करने पर भी जोर दिया। कलक्टर ने निर्माणाधीन फूड स्ट्रीट और वेस्ट टू वंडर पार्क के कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए डीओआईटी को सीसीटीवी कैमरे जल्द चालू कर उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सघन पौधारोपण कराने के भी निर्देश दिए गए।



## जिला कलक्टर ने किया निर्माणाधीन चिकित्सा भवन का अवलोकन

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 240 बेड के नये चिकित्सा भवन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने क्रिटिकल केयर यूनिट, मदर्स लैब सहित अन्य स्थानों का अवलोकन कर चिकित्सा विभाग एवं आरएसआरडीसी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पीएमओ डॉ. सुखपाल बराड़ ने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा मंगलवार सुबह 240 बेड के नये चिकित्सा भवन के निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी आरएसआरडीसी अधिकारियों से अब तक हुए कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि शेष कार्य जल्द पूर्ण किया जाये। मदर्स लैब और क्रिटिकल केयर यूनिट अवलोकन के दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार अधिकाधिक जांचें कर रोगियों को राहत देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को समुचित जांच और उपचार सुविधा मिले, इसके लिये चिकित्सा अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करें।



## भरतपुर बनेगा कौशल विकास का मॉडल

# युवाओं को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप मिलेगा प्रशिक्षण :डॉ आईवी सुब्बाराव

**भरतपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** युवाओं को रोजगार स्वरोजगार और उद्यमिता से जोडकर विकसित भारत मिशन-2047 के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य वित्त पोषित योजनाओं के प्रभावी समन्वय हेतु गठित जिला कौशल एवं उद्यमिता समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार एवं सेवानिवृत्त आईएएस डॉ आईवी सुब्बाराव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ सुब्बाराव ने बताया कि भारत सरकार के स्किल डेवलपमेंट फॉर यू कार्यक्रम के अंतर्गत तेलंगाना उत्तर प्रदेश के बागपत तथा राजस्थान के भरतपुर जिले को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं की कौशल



क्षमता को निखारकर उन्हें रोजगार एवं उद्यमिता के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत मिशन-2047 को साकार करने के लिए सभी विभागों को समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्य करना होगा। केंद्र एवं रा%य सरकार की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र युवाओं तक व्यावसायिक कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण समयबद्ध रूप से पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भरतपुर में डेयरी पर्यटन परिवहन निर्माण खुदरा व्यापार बागवानी तथा कृषि आधारित उद्योगों में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं।

इन क्षेत्रों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक बनाया जाए। साथ ही जिले में उपलब्ध उद्योगों की आवश्यकताओं एवं युवाओं के कौशल के बीच अंतर का आंकलन कर जिला कौशल विकास योजना तैयार की जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार करने उनकी रुचि एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देने तथा रोजगार से जोडने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल आंकडों से नहीं बल्कि धरातल पर परिणाम देने वाली कार्ययोजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि गत वर्षों में संचालित कौशल विकास एवं उद्यमिता कार्यक्रमों का फ ीडबैक लेकर उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं की कौशल आवश्यकता एवं उद्यमिता संभावनाओं का सर्वे कर मांग आधारित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए

। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ग ण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल बनाकर युवाओं एवं किसानों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि पीएम इंटर्नशिप योजना की जानकारी माध्यमिक एवं उ%च माध्यमिक विद्यालयों तक पहुंचाई जाए ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने टीटीजेड एवं एनसीआर क्षेत्र की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए कृषि एवं डेयरी आधारित उद्योगों पर विशेष फ ोकस करने तथा राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम एवं रोजगार विभाग को नोडल एजेंसी बनाकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि डालचन्द ने पीएम इंटर्नशिप योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत देश में आगामी पांच वर्षों में एक करोड युवाओं को उद्योगों में व्यावहारिक कार्य अनुभव उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं को 6 या 12 माह की इंटर्नशिप स्टाइपेंड एवं कार्य अनुभव का लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### कानून व्यवस्था पर टीकाराम जूली का हमला, पूर्णकालिक गृह मंत्री की नियुक्ति की मांग

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केवल समीक्षा बैठकों से हालात नहीं सुधरेंगे और राजस्थान को तत्काल पूर्णकालिक गृह मंत्री की आवश्यकता है। जूली ने जयपुर के एक क्लब में हुई हत्या, फरार कैदियों की मौजूदगी तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में जनवरी से जून के बीच 50 हत्याएं हुई हैं, जो कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाती हैं। श्रीगंगानगर की एक बालिका से जुड़े जघन्य अपराध का जिक्र करते हुए उन्होंने महिला सुरक्षा पर भी चिंता जताई। जूली ने सरकार से अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।



### बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों हेतु मचकुंड सरोवर, धौलपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित बाढ़ संबंधी आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु मचकुंड सरोवर धौलपुर में संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में भरतपुर से आई सेना की टुकड़ियों, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं धौलपुर पुलिस ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के समग्र प्रभारी मेजर मनजीत रहे। पुलिस व्यवस्था एवं समन्वय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसडीआरएफ टीम का नेतृत्व उप कमांडेंट द्वारा किया गया, जबकि पुलिस बल के कंपनी कमांडर के रूप में निरीक्षक नरपत सिंह ने दायित्व निभाया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना, राहत एवं बचाव कार्यों की कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

#### अलवर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

### टीकाराम जूली ने संविधान और सामाजिक न्याय पर दिया जोर

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** रेगर छात्रावास प्रबंधन समिति की ओर से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा, महिलाएं और छात्र शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए जूली ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को सम्मान, समानता और अधिकारों के साथ जीने का मार्ग दिखाया तथा संविधान की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आरक्षण और सामाजिक सम्मान के मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा तथा समाज अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है। उन्होंने छात्रावासों की सुविधाएं बेहतर करने, छात्रवृत्तियां समय पर देने और अत्याचार के मामलों में कठोर कार्रवाई की मांग भी उठाई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अंत में 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अवैध खनन व बिना नंबर वाहनों पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना में परिवहन विभाग ने अवैध खनन और बिना पंजीयन व नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि अभियान के दौरान सैकड़ों वाहनों के चालान किए गए, जबकि 26 वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। सागरपाड़ा पुलिस चौकी के पास तथा चंबल सेंचुरी क्षेत्र में चलाए गए अभियान में बिना नंबर प्लेट, बिना रजिस्ट्रेशन और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। खनिज परिवहन में लगे सभी वाहनों में वीएलटीडी और जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य किया गया है। परिवहन विभाग ने वाहन संचालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने और नियमों के अनुरूप वाहन संचालन करने की अपील की है।

### गोपालन वेब पोर्टल पर बुधवार से किए जा सकेंगे गौशालाओं के ऑनलाईन सहायता आवेदन

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम-2016 (संशोधित नियम-2021) अन्तर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण माह अप्रैल, मई, जून व जुलाई (120 दिवस) में गौशाला/ नंदीशालाओं को देय सहायता हेतु ऑनलाईन आवेदन बुधवार, 15 जुलाई से 27 जुलाई, 2026 तक गोपालन वेब पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड किए जाने हैं। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि संशोधित नियम-2021 अन्तर्गत पात्रता हेतु गौशाला का पंजीयन 30 मार्च, 2025 या इससे पूर्व होना आवश्यक है तथा गौशाला में न्यूनतम 100 टैगशुदा गौवंश संधारित होना एवं एक वर्ष का निरन्तर संचालन आवश्यक है। पात्र गौशालाएं अपने ऑनलाईन आवेदन गोपालन विभाग के ऑनलाईन वेब पोर्टल पर 27 जुलाई, 2026 तक आवश्यक रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। निर्धारित दिनांक तक ऑनलाईन आवेदन अपलोड नहीं करने वाली गौशालाओं की पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा। गौशाला प्रभारी डॉ सुभाष चंद्र करनावत ने बताया कि जिन गौशालाओं द्वारा अपनी भूमि सम्बन्धी दस्तावेज एवं एसएसओ आईडी व सम्पूर्ण बैंक दस्तावेज गोपालन वेब पोर्टल पर अपडेट नहीं करवाई गई है,

### आंधी के दांतली रोड पर जुआ खेलते 3 गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** आंधी थाना पुलिस ने मंगलवार दिनांक 14 जुलाई को सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आंधी थाना प्रभारी राजेंद्र मीणा ने बताया की पुलिस को मुखबिर खास द्वारा थाना क्षेत्र के दांतली रोड पर जुआ खेलने की सूचना मिली। सूचना पर दबिश देकर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने देखा की चाय की दुकान के पिछे पहाडी की तरफ 3 व्यक्ति जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे तो सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने उनको पकड लिया और तीनों से नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम नाथूराम पुत्र कालूराम बलाई उम्र 58 साल निवासी दांतली, बनवारी कुम्हार पुत्र बद्रीनारायण कुम्हार उम्र 35 साल निवासी कानीखोर व रोहिताश्व पुत्र दुर्गालाल मीणा उम्र 30 साल निवासी कानीखोर पुलिस थाना आंधी जिला जयपुर बताया। पुलिस ने तीनो के पास 700 रुपए जुआ राशि व ताश पत्ती जब्त कर बाद अनुसंधान तीनों को गिरफ्तार किया गया।

## एक्सप्रेस-वे पर चिह्नित स्थानों पर शीघ्र हों सुधारात्मक कार्य के कलेक्टर के सख्त निर्देश

# एक्सप्रेस-वे पर 6 लोगो की जिंदा जलने के बाद जगाया जा रहा है अब एनएचएआई के सिस्टम को

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे सहित जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के संबंध में तैयार की जा रही ऑडिट रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को समय पर स्पष्ट एवं पर्याप्त दिशा-निर्देश मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जयपुर सहित विभिन्न प्रमुख गंतव्यों के लिए दाएं एवं बाएं मुड़ने के संकेतक निर्धारित दूरी पर लगाए जाएं, ताकि चालक भ्रमित न हों।जिला कलक्टर ने कहा कि एक्सप्रेस-वे पर ऐसे पर्याप्त साइनेज बोर्ड एवं चेतावनी संकेत लगाए जाएं, जिनसे वाहन चालक सड़क पर वाहन रोकने, गलत लेन में चलने अथवा सड़क पर पार्किंग जैसी गलतियों से बच सकें।

उन्होंने चिह्नित स्थानों पर सभी आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ट्रक चालकों के लिए वाजिब दर पर खाने एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को उपयुक्त स्थानों पर साइनेज बोर्ड स्थापित करने, खराब कैमरों एवं डिस्प्ले बोर्डों को शीघ्र दुरुस्त कराने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑटोमेटिक चालान की मासिक रिपोर्ट नियमित रूप से जिला कलक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने गलत लेन में वाहन चलाने एवं हाईवे पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में समिति गठित कर हाईवे के आसपास संचालित अवैध ढाबों एवं शराब की दुकानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।बैठक में जयपुर-आगरा हाईवे पर सड़क सुरक्षा के लिए चिन्हित बिंदुओं पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने इन कार्यों का संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से क्रॉस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य



विभाग को जिले के सभी अस्पतालों में पीएम-राहत पोर्टल सक्रिय रखने, एम्बुलेंस सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा दौसा शहर की विभिन्न सड़कों पर बने अनाधिकृत कट एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी लाने को भी कहा।बैठक में एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर खराब कैमरों एवं डिस्प्ले बोर्डों को ठीक कराने का कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि आपातकालीन सहायता के लिए 1033 हेल्पलाइन के डिस्प्ले बोर्ड विभिन्न स्थानों पर लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए साइनेज बोर्ड, गति नियंत्रण संबंधी उपाय तथा अन्य आवश्यक सुधारात्मक कार्य लगातार किए जा रहे हैं।बैठक में पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जगदीश अमरावत, जिला परिवहन अधिकारी संजीव भारद्वाज, एनआईसी प्रभारी वीके शर्मा, एनएचएआई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेकंड ग्रेड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, पहली पारी में 74.58% और दूसरी में 76.25% रही उपस्थिति

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की वरिष्ठ अध्यापक (सेकंड ग्रेड) प्रतियोगी परीक्षा के तीसरे दिन मंगलवार को दौसा जिला मुख्यालय पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले में परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए। सभी केंद्रों पर पुलिस बल, उड़नदस्ते, पर्यवेक्षक और मजिस्ट्रेट तैनात रहे।सुबह की प्रथम पारी में सामान्य ज्ञान (जीके) विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए 13 राजकीय एवं 9 निजी विद्यालयों में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस पारी में 8,000 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,966 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2,034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पारी में 74.58 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित द्वितीय पारी में विज्ञान (साइंस) विषय की परीक्षा हुई। इस पारी के लिए 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 9 राजकीय और 5 निजी शिक्षण संस्थान शामिल थे। कुल 4,746 अभ्यर्थियों में से 3,619 उपस्थित रहे, जबकि 1,127 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में 76.25 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ रही। आयोग के निर्देशानुसार सभी परीक्षार्थियों की पहचान पत्र, प्रवेश पत्र और बायोमेट्रिक सत्यापन के साथ सघन जांच की गई। प्रतिबंधित सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

# दौसा आरटीओ कार्यालय को बम से उड़ाने की ई-मेल धमकी, मचा हड़कंप; पुलिस और साइबर एजेंसियां जांच में जुटीं

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा के प्रादेशिक परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिवहन विभाग और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया तथा कार्यालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर विशेषज्ञ भी धमकी भरे ई-मेल की जांच में जुट गए हैं।जानकारी के अनुसार धमकी मिलने के बाद परिवहन विभाग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कार्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई।बताया जा रहा है कि इससे पहले 9 जुलाई को भी जोधपुर आरटीओ कार्यालय को इसी प्रकार का धमकी भरा ई-मेल मिला था। लगातार दूसरी बार आरटीओ कार्यालयों को मिली धमकी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। इसी क्रम में जोधपुर आरटीओ की ओर से अपर परिवहन आयुक्त को भी आधिकारिक रिपोर्ट भेजी गई थी।पुलिस और साइबर सेल ई-मेल के स्रोत, आईपी एड्रेस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर धमकी भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषी



के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल दौसा आरटीओ कार्यालय सहित संबंधित कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और हर आने-जाने वाले व्यक्ति तथा संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई

## जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी किया पदमुक्त, मंत्री के साथ ट्रैक्टर पर बैठना पड़ा भारी



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कांग्रेस ने संगठनात्मक अनुशासन के उल्लंघन के मामले में बीकानेर के देहात जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। बता दें कि मंगलवार को श्रीकोलायत में मंत्री सुमित गोदारा के साथ कांग्रेस नेता श्याम सिंह भाटी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे राज्य सरकार के मंत्री सुमित गोदारा के साथ ट्रैक्टर पर बैठे नजर आए थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद कांग्रेस संगठन ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सख्त रुख अपनाया। पीसीसी की ओर से जारी आदेश में श्याम सिंह भाटी को बीकानेर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है। आदेश जारी होने के साथ ही यह कार्रवाई प्रभावी हो गई। दोनों एपीसोड के बाद अब राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बता दें कि श्याम सिंह भाटी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और डूडी गुट के करीब माना जाता हैं और लगातार पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय रहे हैं।

## श्रीकोलायत में मंत्री सुमित गोदारा की जनसुनवाई में लगे पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के नारे

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीकोलायत में मंगलवार को बीजेपी की राजनीति गर्म रही। मौका था, मंत्री सुमित गोदारा की जनसुनवाई व लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम का। यहां पहुंचे सुमित गोदारा के सामने बीजेपी के कार्यकर्ता या यूं कहे पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी व विधायक अंशुमान सिंह भाटी के समर्थकों ने नाराजगी जताते हुए कार्यक्रम में देवीड्क्षसह भाटी के नारे लगा दिए। दरअसल, यह नाराजगी इसलिए थी कि कार्यक्रम में विधायक अंशुमान सिंह भाटी को नहीं बुलाया और ना ही कार्यक्रम पोस्टर में विधायक भाटी का फोटा लगाया गया। इसको लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नाराजगी सामने आई और उन्होंने मंत्री गोदारा के कार्यक्रम में देवीसिंह भाटी के नारे लगाने शुरू कर दिए। फिर मंत्री सुमित गोदारा ने खुद मोर्चा संभाला और हाथ में माइक पकड़कर कहा कि जिले में अगर किसी व्यक्ति ने भारतीय जनता पार्टी को सिंचा वो देवीसिंह भाटी हैं। मंत्री ने कहा कि हमें गर्व है कि जिले में अगर बीजेपी से पहला कोई सांसद बना तो वह स्वर्गीय महेंद्र सिंह भाटी, इन्हीं के प्रयासों से गांव-गांव बीजेपी पहुंची और उतना ही विकास कार्य हुआ। कार्यक्रम में विधायक अंशुमान ड्क्षसह भाटी अनुपस्थिति को लेकर मंत्री सुमित गोदारा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं वादा करता हूं कि अगली बार जब भी कोलायत क्षेत्र में आऊंगा यह गलती नहीं होगी, विधायक को साथ में लेकर कार्यक्रम करेंगे। सुमित गोदारा ने कहा कि यह सरकारी कार्यक्रम है, इसलिए कोई चूक रह गई होगी, लेकिन अगली बार यह चूक दोहराई नहीं जाएगी। क्षेत्र में कोई भी काम होगा विधायक के साथ मिलकर करेंगे। इस बार छोटी-मोटी कमी रही, क्योंकि भाईयों भाईयों में रह जाती है, परिवार में भी हो जाती है, लेकिन सरकार को बने हुए आज करीब साढ़े तीन साल होने जा रहा है इतने समय के कार्यकाल में मेरे से कोई गलती रही है तो मुझे बताओ। सुमित गोदारा ने कहा कि बीजेपी एक ही पेड़ है।

### बीकानेर रेंज पुलिस की बड़ी सफलता

## 30 दिन में 100 गुमशुदा मोबाइल बरामद, 25.30 लाख के फोन मालिकों को लौटाए

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर रेंज पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। महा निरीक्षक पुलिस (आईजी) ओम प्रकाश, आईपीएस के निर्देशन में रेंज कार्यालय की सोशल मीडिया सेल ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मात्र 30 दिनों में 100 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। पुलिस के अनुसार बीकानेर रेंज के जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से गुम हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। इनमें तीन दिन पहले से लेकर चार वर्ष पहले तक गुम हुए मोबाइल शामिल थे। सीईआईआर पोर्टल के जरिए सभी मोबाइल सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए। बरामद किए गए 100 मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 25 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। मंगलवार को बीकानेर रेंज कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईजी ओम प्रकाश ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे मोबाइल को ब्लॉक कर शीघ्र ट्रेस कर बरामद किया जा सके।

### टोंक में 2000 लीटर घी नकली होने का शक

## सीज किया, तीस लीटर नष्ट कराया; टीम ने 3 जगह की कार्रवाई

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक फर्म पर 2 हजार लीटर घी को सीज कर दिया। यह घी नकली होने का शक है। मिलावटी सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को यह कार्रवाई की गई। इसके अलावा 30 लीटर घी, तेल आदि एक्सपायरी डेट का मिलने पर नष्ट किया। यह कार्रवाई टोंक शहर, मेहंदवास और छान इलाकों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर और उनकी टीम ने की। **शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया- यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण आयुक्त टी शुभंगला के निर्देश की पालना में की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया- खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने टोंक शहर में सवाई माधोपुर रोड पर संचालित फर्म शान्तिनाथ ट्रेडिंग कंपनी का औचक निरीक्षण किया। वहां घी सागर, सरस ब्रांड और जय कृष्णा ब्रांड का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया। साथ ही शेष बचे 1551 लीटर घी सागर सरस ब्रांड और 457 लीटर घी जय कृष्णा ब्रांड को मिलावट का अंदेशा होने के कारण सीज किया गया। इसी प्रकार छान कस्बे में स्थित कमल किराना स्टोर का निरीक्षण कर घी सरस ब्रांड का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया गया। इसी प्रकार मेहंदवास हाईवे पर स्थित वीर तेजाजी मार्ट का निरीक्षण कर घी सरस ब्रांड का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही इस फर्म में



करीब तीस किलो अवधि पार मिले घी, तेल व मसाले को मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही प्रतिष्ठान पर भारी अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया- मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ (मावा, पनीर आदि ) मिलावटी मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री (पेय पदार्थ, आटा, बेसन, इत्यादि) तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुर्जर के साथ सहायक कर्मचारी राजेंद्र सैनी, रामेश्वर प्रसाद, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार के बीकानेर दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार के 17 जुलाई को प्रस्तावित बीकानेर दौरे को लेकर आज भाजपा कार्यालय में भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री के स्वागत, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों के साथ होने वाली बैठक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने बताया कि प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार 17 जुलाई को भाजपा कार्यालय, बीकानेर में संभाग स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में बीकानेर संभाग के सांसद, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं संगठन के प्रमुख पदाधिकारी अपेक्षित रहेंगे। पंचारिया ने कहा कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं पार्टी की भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त होने के बाद अजय कुमार का यह पहला बीकानेर दौरा है, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश का माहौल है। कार्यकर्ता उनके स्वागत एवं बैठक की तैयारियों में पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि तैयारी बैठक में ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता महावीर चारण, जिला महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित, तोलाराम कूकणा, जिला उपाध्यक्ष हेमनाथ जाखड़, जिला मंत्री भरत सुथार, देवीलाल मेघवाल, सरोज प्रजापत एवं भोजराज मेघवाल सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आधी रात का बड़ा रहस्य!

## गैंगस्टर रोहित गोदारा का घर मलबे में तब्दील, साजिश या गैंगवार?

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** लूणकरणसर क्षेत्र में देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब गैंगस्टर रोहित स्वामी का मकान अचानक जमींदोज होने की सूचना सामने आई। सुबह होते-होते यह खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई और लोग घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाने लगे। जानकारी के अनुसार देर रात अज्ञात लोगों द्वारा मकान को तोड़े जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर गैंगस्टर के मकान को किसने और किस उद्देश्य से ध्वस्त किया।मामले ने उस समय और रहस्य का रूप ले लिया जब प्रशासन ने साफ तौर पर इस कार्रवाई में अपनी किसी भी तरह की भूमिका होने से इंकार कर दिया। प्रशासन के बयान के बाद अब लोगों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं कि कहीं यह किसी प्रतिद्वंद्वी गैंग का संदेश तो नहीं, या फिर इसके पीछे कोई और बड़ा कारण छिपा हुआ है। फिलहाल घटना को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

## नाम संशोधन

मैं सुल्ताना खान पत्नी श्री नौशाद अहमद, निवासी-बाडीयान मौहल्ला, आर.के. जोशी स्कूल के पीछे दौसा ग्रामीण, दौसा (राज.) 303303 सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पुत्र मो. जीशान खान के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सुल्ताना दर्ज गया था, जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम सुल्ताना खान (SULTANA KHAN) है भविष्य में मुझे सुल्ताना खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। 18 जून 2026 को जारी हुए राजस्थान राज पत्र में गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से मेरा नाम सुल्ताना (SULTANA) से सुल्ताना खान (SULTANA KHAN) कर रही हूँ।

# गैंगस्टर रोहित स्वामी के मकान को किसने किया जमींदोज ?, प्रशासन ने कार्रवाई से किया साफ इनकार

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के लूणकरणसर कस्बे में सोमवार देर रात चर्चित गैंगस्टर रोहित स्वामी के मकान के अधिकांश हिस्से को जेसीबी से तोड़ दिया गया। घटना के बाद इलाके में भीड़ जमा हो गई और पूरे दिन इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं की है। इसकी जानकारी नहीं है कि किसने मकान गिराया है। हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है। कोई शिकायत करेगा तो उसकी जांच करेंगे। **देर रात की घटना** जानकारी के अनुसार, देर रात कुछ लोग मौके पर पहुंचे और रोहित स्वामी के मकान को ध्वस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सुबह जब लोगों ने मकान को पूरी तरह टूटा हुआ देखा तो क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बन गया। कई लोग इसे गैंगवार से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ लोग इसे निजी रंजिश या अन्य विवाद का परिणाम बता रहे हैं। फिलहाल, इन सभी चर्चाओं की किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। **अगर प्रशासन नहीं, तो मकान किसने गिराया?** घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि यदि प्रशासन या पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई नहीं हुई, तो आखिर मकान किसने ढहाया।

अब तक किसी प्रतिद्वंद्वी या अन्य व्यक्ति ने भी इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। ग्रामीण भी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं, जिससे पूरे घटनाक्रम पर रहस्य बना हुआ है। स्न्नक्क्ष की चार्जशीट में लॉरेंस, रोहित समेत कई नाम उधर, कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका में एफबीआई ने पिछले हफ्ते पहली बार चार्जशीट दाखिल की। इसमें दावा है कि हत्या का आदेश भारतीय जेल में बंद लॉरेंस और फरार चल रहे गोल्डी बराड़ ने दिया था। चार्जशीट में लॉरेंस, गोल्डी,



रोहित गोदारा सहित कई गैंगस्टर का नाम है।दरअसल, अमेरिका लॉरेंस समेत कई भारतीय अपराधियों के नेटवर्क पर कार्रवाई करने के लिए ऑपरेशन हार्ड बॉल चला रहा है। इसी के तहत 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 37 लोगों के खिलाफ अमेरिकी फेडरल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर

क्रमांक/लेखा/टेण्डर/2026/5102 दिनांक : 07.07.2026

**ई-टेण्डर (यू.बी.एन. नम्बर-MHS2627GLOB02418)**

डीएमएफटी योजनान्तर्गत कार्यालय पीएमओ नसीराबाद, पुष्कर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रवरदाई नगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रूपनगढ़ एवं अराई हेतु 500mA क्षमता की एक्स-रे मशीन (CR System सहित) के क्रय के लिए मूल निर्माता अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं अमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी राजस्थान राज्य सार्वजनिक खरीद पोर्टल (SPPP) तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| S.No. | Particular | 100mA Portable X-Ray Machine |
|---|---|---|
| 1. | Estimated Cost | 80 LAKH |
| 2. | Tender Fees | 1000/- |
| 3. | RISL Processing Fees | 1000/- |
| 4. | Earnest Money | 160000 rs |
| 5. | Document Download Start Date and Time | 08 July26 & 1500 Hrs |
| 6. | Pre Bid Meeting Date and Time | 13 July 2026 & 11.00 Hrs. |
| 7. | Document Upload Start Date and Time | 19 July 2026 & 17.00 Hrs. |
| 8. | Physical D.D. Submission date & time & Venue | 20 July 2026 & 11.00 Hrs CMHO Office Ajmer |
| 9. | Technical Bid Opening Date & Venue | 20 July 2026 & 12.00 Hrs |

निविदाएं खोलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने पर निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। अपूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं एवं सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं होगी।
**नोट :** किसी भी निविदा को निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

DIPR/C/12327/2026

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अजमेर

# आंगनबाड़ी कर्मियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, 26000 रुपए मासिक वेतन और सरकारी कर्मचारी दर्जे की मांग

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का गुस्सा अब सड़कों पर उतर आया सीटू के बैनर तले सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मियों ने मंगलवार को किशन सिंह ढाका स्मृति भवन से रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन कर कर्मियों ने न्यूनतम 26,000 रुपए मासिक मानदेय और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मुख्य मांग को लेकर हंगामा किया। **आज तक नहीं मिला स्थायी दर्जा -सांसद अमराराम** प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए सीकर सांसद अमराराम ने कहा कि आंगनबाड़ी का गठन हुए आधी सदी बीत चुकी है, लेकिन सरकार ने आज तक इन कर्मियों को स्थायी नहीं किया। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार की महंगाई ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है, ऐसे में मामूली मानदेय में घर चलाना असंभव है। राजस्थान में तो अन्य राज्यों के मुकाबले मानदेय और भी कम है। कम से कम 26,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय होना चाहिए। 'सांसद ने कर्मियों को आश्वासन दिया कि 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में वे उनकी सभी मांगों को संसद में जोर-शोर से उठाएंगे। **2018 के बाद नहीं बढ़ा मानदेय, केंद्रीय मंत्री का वादा भी फेल:** सीटू के जिला महामंत्री बृज सुंदर जांगिड़ ने कहा कि पिछली बार 2018 में केंद्र सरकार ने मानदेय में वृद्धि की थी, लेकिन उसके बाद से आठ साल बीत जाने पर भी एक पैसे की बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में संगठन के प्रतिनिधिमंडल से मिलीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आश्वासन दिया था।



### सफलता की कहानी
## गुरमेल सिंह को मिला आवासीय पट्टा



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले की पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 5 जी छोटी में मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर 2026 आयोजित हुआ। शिविर में गुरमेल सिंह पुत्र भजन सिंह तरखान ने 5 जी छोटी में अपने मकान का पट्टा बनवाने के लिये प्रार्थना पत्र दिया। गुरमेल सिंह ने बताया कि पूर्व में भी कई बार प्रार्थना पत्र दिये लेकिन पट्टा नहीं बना। शिविर के दौरान अधिकारियों ने पट्टे की पत्रावली पूर्ण करते हुए हाथोहाथ गुरमेल सिंह को स्वामित्व योजना के तहत पट्टा प्रदान किया। गुरमेल सिंह ने पट्टा मिलने पर खुशी व्यक्त की। उसने बताया कि पट्टा मिलने से मैं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकूंगा।

# एन डी पी एस मामले में सुनाई 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** विशिष्ट न्यायधीश अपरजिला एवं सैशन न्यायाधीश सुरेन्द्र कौशिक ने अपने निर्णय में अवैध रूप से अफीम , गांजा एवं डोडापोस्ट छिलके रखने एवं परिवहन करने के जुर्म में अभियुक्त ओम प्रकाश पुत्र हनुमान प्रसाद उम्र 74 वर्ष , निवासी भारतीया की ढाणी रतनगढ़ को एन डी पी एस की धारा 8/15 ,8/18,8/20 में दोषी मानकर 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख के जुर्माने की सजा से दंडित कर जेल भेजा।

अदम अदायगी जुर्माना 4 माह का कठोर कारावास और भुगताया जाएगा। विशिष्ट लोक अभियोजक डॉ जया कांत बिंवाल ने बताया कि 27 अप्रैल 2020 को पुलिस ने गश्त के दौरान भारतियों की ढाणी, रतनगढ़ में आम सड़क पर अपने पास अवैध रूप से 800 ग्राम अफीम, 700 ग्राम डोडापोस्ट छिलके,10 किलो गांजा परिवहन करने एवं अपने पास रखने के एन डी पी एस के अपराधों में अभियुक्त ओम प्रकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, अनुसंधान कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जिस पर विशिष्ट न्यायधीश अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सुरेन्द्र कौशिक ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत समस्त 8 गवाहन के बयानात एवं प्रदर्शित समस्त 27दस्तावेजात के आधार पर अभियुक्त को एन डी पी एस की अलग अलग धाराओं में दोषी मानकर अभियुक्त ओम प्रकाश को अधिकतम 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख के जुर्माने की सजा से दंडित कर हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त की सभी सजाए साथ साथ चलेगी। इस प्रकरण में राज्य सरकार की और से प्रभावी पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट डॉ जया कांत बिंवाल ने की।

## नवोदय ऊर्जा सोसाइटी के प्रदेशाध्यक्ष सैनी व सांस वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बरोड़ का किया अभिनंदन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** सुभाष चौक स्थित संगम मार्केट में सोमवार रात्रि को जवाहर नवोदय विद्यालय, पूर्व छात्र संगठन व सांस वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नवोदय ऊर्जा सोसाइटी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी व सांस वेलफेयर सोसाइटी चूरू के अध्यक्ष राहुल बरोड़ का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान दोनों युवाओं का मार्ल्याण कर, साफा पहनाकर व प्रतीक चिह्व प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. मोहर सिंह के पशुपालन विभाग में उपनिदेशक बनने पर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संजय सैनी व राहुल बरोड़ समाज सेवा, शिक्षा तथा नवोदयन परिवार को सशक्त बनाने के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में दोनों संस्थाएं समाज हित में अनेक उपलब्धियां हासिल करेंगी। कार्यक्रम में पवन महर्षि, यशपाल सिंह, ओमप्रकाश खाखल, रेंवतमल माहिच, घनश्याम चंदेल, आरिफ खान, जयप्रकाश, अशोक जांगिड़,



राजपाल रोहिला, पालाराम रुयल, मनोज प्रजापत, सावंताराम, अमरचंद कस्वां, खेमचंद इंदलिया, विक्रम सिंह शेखावत, प्रमोद, डॉ. अरविंद सैनी, वीरेंद्र रुयल, डॉ. श्रीराम बुंदेला, बालकिशन बुंदेला, रोहित, सुधीर ढाका, कमल सहित बड़ी संख्या में नवोदय विद्यार्थी व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## हत्या प्रयास के मामलें में आरोपी गिरफ्तार आरोपी पुलिस रिमांड पर

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई क्षेत्र के गांव बहरामदा में पालतू गाय को खेत में जाने पर युवक से मारपीट कर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय मे पेश किया। जहां से गिरफ्तार आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार बहरामदा निवासी दीपक सिंह पुत्र संतोष कुमार को मुखबिर की सूचना पर बहरामदा से गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। गौरतलब है कि, 7 जुलाई को पीड़ित रामपाल सिंह खेत में पालतू गाय ले गया। इसी दौरान अचानक गाय समीपवर्ती खेत में चली गई। खेत में गाय जाने के चलते आरोपी दीपक सिंह पुत्र संतोष सिंह ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर पीड़ित से जमकर मारपीट की। बाद में देशी कट्टा से फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया। हालांकि, एक अन्य आरोपी का पुलिस को सुराग नही लगा।


### कारपेंटर बैठक तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास पर जोर
## युवाओं को आधुनिक कारपेंट्री व मशीन संचालन से जोड़ने का संकल्प



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** कारपेंटर विकास समिति, सीकर की आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें समाज के संगठनात्मक सशक्तीकरण, सामाजिक एकता और युवाओं के लिए रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा पर गहन मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश जांगिड (पिपराली) ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकरलाल जांगिड (सरदारशहर) मौजूद रहे। **'कौशल ही सफलता की कुंजी':** मुख्य अतिथि शंकरलाल जांगिड ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में केवल पारंपरिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी दक्षता अनिवार्य हो गई है। उन्होंने कारपेंटर समाज के युवाओं को आधुनिक कारपेंट्री, मशीन संचालन, फर्नीचर डिजाइन, 3ष्ठ मॉडलिंग जैसे नवीनतम प्रशिक्षण से जोड़ने पर बल दिया। उनका कहना था कि इससे युवा न केवल स्वरोजगार बल्कि बड़े उद्योगों में भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

### सफलता की कहानी
## वर्षों बाद खाता विभाजन होने पर जताई खुशी

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले की अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 30 एपीडी में मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 32 एपीडी के महिला किसान नीतू पत्नी रामस्वरूप, प्रेमाराम पुत्र सरदाराराम, पूर्णराम पुत्र सरदाराराम, मुखराम पुत्र राजुराम, रेशम सिंह 30 एपीडी द्वारा शिविर के दौरान चक 32 एपीडी के राजस्व रिकॉर्ड में मुरब्बा नम्बर 28, 29 प.स. 335/407, 335/408 की जमाबंदी में दर्ज 6.173 हेक्टेयर भूमि का खातादारों के मध्य खाता विभाजन का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से



अधिकारियों ने पत्रावली तैयार कर खाता विभाजन की कार्यवाही को पूर्ण किया। शिविर के लाभार्थियों ने खाता विभाजन होने पर राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर विभिन्न विभागों ने मौके पर किया परिवादों का निस्तारण

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में विभिन्न विभागों ने एक ही स्थान पर आमजन को सेवाएं उपलब्ध कराते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनका निस्तारण किया तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया। मंगलवार को चूरू उपखंड की घण्टेल, राजगढ़ उपखंड की चैनपुरा छोटा एवं लम्बोर बड़ी, रतनगढ़ उपखंड की रतनादेसर, सरदारशहर उपखंड की पिचकराई ताल एवं रूपलीसर, बीदासर उपखंड की सांडवा तथा सुजानगढ़ उपखंड की खुड़ी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में राजस्व, पंचायतीराज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, जलदाय, विद्युत सहित विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई।



## मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई 35 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 7 वाहन जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जयपुर मेट्रो-द्धद्ध मोबाइल कोर्ट ने दिल्ली रोड स्थित सड़वा मोड़ पर विशेष जांच अभियान चलाया। मोबाइल मजिस्ट्रेट विजय कुमार सिरोहीवाल के निर्देशन में दोपहिया, कार, बस, ट्रक, ट्रैक्टर और टैक्सी सहित विभिन्न वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान 35 वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि दस्तावेजों की कमी के कारण 7 वाहन जब्त किए गए। एक ओवरलोड बस पर ?4,000 का जुर्माना लगाया गया। अभियोजन अधिकारी दिनेश लोहिया ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## अवैध खनन से अर्जित संपत्ति पर बारां पुलिस का शिकंजा हिस्ट्रीशीटर की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस ने अवैध खनन और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए बारां के हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र वैष्णव उर्फ राजू की कथित अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि आरोपी के दो ट्रैक्टर, मुंडिया गांव में निर्माणाधीन मकान और बैंक खाते को कुर्क करने की अनुशंसा की गई है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल जांगिड़ के सुपरविजन और वृताधिकारी पुष्पेंद्र सिंह आढ़ा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अवैध खनन, चोरी और अवैध वसूली सहित छह गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खेतों में बिजली के तारों से तांबा पीतल निकालकर बेचने वाले व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना सदर थाना क्षेत्र के महरावर गांव में ग्रामीणों ने खेतों से बिजली के तार चोरी करते हुए एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। महरावर निवासी देशराज गुर्जर और पीलूपुरा निवासी लेखराज मीना ने बताया कि सोमवार देर रात गांव के कुछ लोग खेतों की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक को ट्यूबवेल और सबमर्सिबल के बिजली के तार काटते हुए देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना गांव में दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हनीफ निवासी खानवां, थाना गहनौली मोड़ बताया है। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर पहले ट्यूबवेल और सबमर्सिबल का मुख्य बिजली कनेक्शन काटता था। इसके बाद तारों से तांबा और पीतल अलग कर उन्हें बाजार में बेच देता था। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से खेतों में लगे बिजली के तार चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के पास फिर मिला जिंदा बम, जसवंतसर में मचा हड़कंप

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर महाजन फील्ड फायरिंग रेंज से सटे जसवंतसर गांव के पास मंगलवार को एक बार फिर जिंदा बम मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव के बाहरी हिस्से में सुनसान स्थान पर पड़े बम को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल महाजन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर बम के आसपास का क्षेत्र खाली करवाकर उसकी निगरानी शुरू कर दी। साथ ही सेना के बम निरोधक दस्ते को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। महाजन थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम जसवंतसर गांव के निकट एक सुनसान स्थान पर जिंदा बम मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बम कई वर्ष पुराना बताया जा रहा है। हालांकि इसकी वास्तविक स्थिति और उसे निष्क्रिय करने की कार्रवाई सेना का बम निरोधक दस्ता करेगा। गौरतलब है कि महाजन फील्ड फायरिंग रेंज से सटे क्षेत्रों में समय-समय पर पुराने जिंदा बम मिलने की घटनाएं सामने आती रही हैं। कुछ दिन पहले रामबाग घेसुरा लिंक रोड के किनारे भी एक जिंदा बम मिला था, जिसे सेना के बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से जसवंतसर सहित आसपास के गांवों के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने फायरिंग रेंज से लगे क्षेत्रों की नियमित जांच कराने की मांग की है, ताकि खेतों और रास्तों में पड़े विस्फोटकों से किसी प्रकार की जनहानि न हो। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई दे तो उसे हाथ न लगाएं और तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचना दें।

### सफलता की कहानी
## स्वास्थय कार्ड मिलने पर धर्मपाल ने खुशी जताई शिविर में 75 किसानों को दिये मृदा स्वास्थय कार्ड



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले की अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 30 एपीडी में मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर 2026 आयोजित हुआ। शिविर में कृषि विभाग द्वारा किसान धर्मपाल पुत्र पन्नालाल निवासी 5 केएएम सहित कुल 75 किसानों को कृषि भूमि के मृदा स्वास्थय कार्ड वितरित किये गये। मृदा स्वास्थय कार्ड के आधार पर किसान अपने खेत की मिट्टी की गुणवत्ता व आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों का प्रयोग कर सकेगा। संतुलित खाद देने से उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ किसान की आमदनी में भी बढ़ोतरी होती है। मृदा स्वास्थय कार्ड मिलने से किसानों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लभगढ़ के (बच्ची का नगला) निवासी महेश पुत्र भंवर सिंह ने अज्ञात कारणों से पेड़ पर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर भुसावर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। परिजनो की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवा कर सब उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

**मौके पर ही हो रहा आमजन की समस्याओं का समाधान** | **राज्य सरकार का विजन अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ**

# जनकल्याण की नई मिसाल बन रहे शहरी सेवा शिविर




## एक महीने में 7,701 शिविरों के जरिए लाखों परिवारों तक पहुंची सरकार, 91 हजार से अधिक जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और नागरिक सेवाओं का लाभ अब लोगों के घर के नजदीक ही मिल रहा है, जिससे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से लोगों को राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 13 जुलाई के बीच प्रदेशभर में 7 हजार 701 शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान 38 हजार 494 पट्टे, 12 हजार 163 नाम हस्तांतरण और 6 हजार 811 भवन मानचित्र प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। साथ ही, शिविरों में 91 हजार 599 जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र तथा 5 हजार 644 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किए गए। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है।

इन शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं और सेवाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक ले रहे है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत मिले तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और जनकल्याण के नए आयामों तक पहुंच रहा है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कर रहे मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण**

### स्वच्छता, सुशासन एवं शहरी विकास हो रहा सुनिश्चित

शहरी क्षेत्रों में जलभराव एवं कचरे की समस्या को दूर कर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 हजार 448 कचरा संभावित केंद्र समाप्त किए गए तथा 2 हजार 517 नए सीवर कनेक्शन भी स्वीकृत किए गए। शहरों की आंतरिक सड़कों पर पर्याप्त रोशनी के लिए 19 हजार 978 नई स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ 62 हजार 42 स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किया गया। शिविरों में 38 हजार 381 विद्युत कनेक्शन जारी करने के अलावा पालनहार योजना में 11 हजार 132 बच्चों के नव सत्यापन और पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 17 हजार 354 आवेदन प्राप्त कर छोटे कारोबारों के लिए ऋण स्वीकृतियां जारी की गई।



## प्रदेश की 63 हजार आंगनबाड़ियों में आयोजित हुई PAM बैठक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हर माह अमावस्या को आयोजित की जाने वाली PAM बैठक मंगलवार को प्रदेश के समस्त 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की गई। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि PAM बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में पुरुष सदस्यों - पिता, दादा, चाचा को भी आमंत्रित कर उनकी सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। निदेशक ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त उप निदेशक, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं लेडी सुपरवाइजर द्वारा PAM बैठक का निरीक्षण किया गया। आईसीडीएस निदेशक द्वारा मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित क्क्रू मीटिंग का किया गया निरीक्षण आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत द्वारा मंगलवार को परियोजना जयपुर-2 के मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित PAM मीटिंग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने PAM मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार परिवर्तन एवं पोषण से संबंधित जानकारी ली साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## स्टेट मिशन निदेशक ने किया राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आजीविका परियोजनाएँ एवं स्वयं सहायता समूह की स्टेट मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी ने शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण कर विभाग से संबंधित परिवादों एवं उनके निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान गोस्वामी ने विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, निस्तारित एवं लंबित प्रकरणों, परिवादियों के संतुष्टि प्रतिशत, राज्य के औसत निस्तारण समय की तुलना में विभागीय निस्तारण समय तथा विषयवार शिकायतों के वर्गीकरण की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे विषयों की भी विशेष समीक्षा की, जिन पर समान प्रकृति की शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हो रही हैं तथा उनके प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गोस्वामी ने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग तथा परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समान प्रकृति की शिकायतों का विश्लेषण कर उनके मूल कारणों का समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति कम हो सके।

## प्रदेशभर में 15 जुलाई से 5 दिन चलेगा अभियान

# सभी गर्भवती महिलाओं की होगी सघन स्क्रीनिंग




- प्रसवपूर्व जांच सेवाओं को किया जाएगा सुदृढ़
- प्रत्येक गर्भवती के स्वास्थ्य पर रखी जाएगी नियमित निगरानी
- लेबर रूम और ओटी गाइडलाइन की पालना सख्ती से करें

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रदेशभर में सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए 15 जुलाई से 5 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जांचों का रिकॉर्ड संधारित कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी रखी जाएगी। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रदेश के सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ के माध्यम से स्क्रीनिंग का यह कार्य पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ करवाया जाए। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं नियमित स्क्रीनिंग में किसी भी तरह की लापरवाही पर आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ की जिम्मेदारी होगी तय**

बैठक में चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, निदेशालय स्तर के अधिकारियों सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आरसीएचओ, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना अत्यंत गंभीर है और इसे रोकने के लिए गर्भावस्था की शुरुआत से लेकर प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मातृ मृत्यु के मामलों में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान और समयबद्ध प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भधारण के प्रथम 12 सप्ताह के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी सूचनाएं पीसीटीएस पोर्टल पर समय पर दर्ज की जाएं।

**अनिवार्य रूप से हो एएनसी जांच-** राठौड़ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। जांच के दौरान रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, मूत्र परीक्षण, रक्त शर्करा तथा अन्य आवश्यक परीक्षण किए जाएं और उनका रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए।

उन्होंने सभी जिलों को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान कर उनका अलग ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पूर्व सिजेरियन, जुड़वां गर्भ, अत्यधिक रक्तस्राव तथा अन्य जटिलताओं वाले मामलों को चिन्हित कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा।

## वीडीओ पर घूस मांगने का आरोप, एसीबी ने दर्ज किया केस

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी जिले के केशवरायपाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भीया की ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) सोनम नेहरा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि सोनम नेहरा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.64 लाख रुपए के बिल पास करने के बदले 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। ट्रैप की भनक लगने पर सोनम ने रिश्वत नहीं ली गई। इस मामले में एसीबी ने जांच के बाद 13 जुलाई को ग्राम विकास अधिकारी सोनम नेहरा के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोटा एसीबी के एडिशनल एसपी मुकुल शर्मा के नेतृत्व में 7 मई को दो अलग-अलग ट्रैप कार्रवाई की गई थीं। एक कार्रवाई में सखावदा के ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

**किसानों के हित में राजस्थान सरकार की बड़ी पहल**

## स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक से राजस्थान के पशुपालकों को मिल रहा है अधिक लाभ

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालकों की आय में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा देशी पशुधन के वैज्ञानिक नस्ल सुधार को गति देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के व्यापक उपयोग को गति दे रही है। कम लागत वाली इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली बछियों के जन्म की संभावना बढ़ती है, जिससे पशुपालकों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

इसी दृष्टिकोण के साथ राजस्थान आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां इस तकनीक को बड़े स्तर पर किसानों के हित में अपनाया जा रहा है। हाल ही में कुछ क्षेत्रों से जेंडर सॉर्टेड सीमन के परिणामों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

राज्य सरकार ने पशुपालकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों से रैंडम आधार पर सीमन के नमूने एकत्रित कर उनकी स्वतंत्र वैज्ञानिक जांच के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आई आई एस), बेंगलुरु भेजे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे जेंडर सॉर्टेड सीमन में 88 से 96 प्रतिशत तक क्रियाशील एक्स-क्रोमोज़ोम वाले शुक्राणु पाए गए हैं, जो कि पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप एवं तकनीकी रूप से शुद्ध है। रिपोर्ट में सीमन की गुणवत्ता व तकनीक में किसी भी प्रकार की कमी नहीं पाई गई।

इस विषय पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीणा ने विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत संवाद किया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार किसानों के हित में स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के उपयोग के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## सेना के जवान की हार्ट अटैक से मौत

**कोटपूतली-बहरोड़।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के सेना के जवान की सोमवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। पावटा क्षेत्र के गांव लाड़ा का बास निवासी नायब सूबेदार बनवारी लाल खोजा (47) यूपी में मेरठ कैंट में तैनात थे। मंगलवार को उनकी पार्थिव देह घर पहुंची। पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के वक्त पत्नी संतरा देवी और बेटी दीपा बिलख पड़ीं। बेटा निशु भी फूट-फूट कर रोने लगा। दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी।

**मुख्य सचिव ने की विद्यालयों के नवाचारों की सराहना, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश**

**राज्य स्तरीय पीएम श्री वेबिनार में 649 संस्था प्रधानों से किया संवाद**

## अनूठे हैं पीएम श्री विद्यालय, इनमें अंतरराष्ट्रीय योगदान देने वाले छात्र निर्माण की क्षमता-मुख्य सचिव

**वेबिनार को बताया इंस्पिरेशनल स्टोरीज के साथ पीयर लर्निंग का अनूठा मंच**




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संचालित पीएम श्री विद्यालयों का राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सुचारु संचालन किया जा रहा है। ये कहना था मुख्य सचिव वी श्रीनिवास का।

मुख्य सचिव मंगलवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पीएम श्री राज्य स्तरीय संस्था प्रधान वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। वेबिनार में एनईपी 2020, 21वीं सदी के कौशल एवं खेल आधारित शिक्षा पद्धति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पीएम श्री विद्यालयों में नवाचार, शैक्षणिक स्तर एवं जारी राशि का सदुपयोग, सह शैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धि, सीएसआर एवं जन सहयोग से किए गए कार्य आदि पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय एसटीईएम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) शिक्षा व नवाचारों के क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों को अनूठा बताते हुए कहा कि इन विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्कृष्ट छात्र तैयार करने की क्षमता है। उन्होंने ने प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय में सुझाव बॉक्स खोलने, अपनी सफलता की कहानियां शेयर करने और छोटे-छोटे नवाचार करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि छोटी टीम बनाकर कार्य करने और निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य हासिल होगी और निश्चित तौर पर प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह वेबिनार सभी पीएम श्री विद्यालयों के लिए सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।



**प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं निवेश-अनुकूल बनाने की दिशा में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई विस्तृत चर्चा**

## मुख्य सचिव ने सीआरडी फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में चल रहे सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों, किसानों, उद्यमियों एवं निवेशकों के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाते हुए अनावश्यक अनुपालनों एवं नियामकीय जटिलताओं को कम करना है।मुख्य सचिव ने कहा कि कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत किए जा रहे सुधार राज्य में 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' तथा 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा**

## जल जीवन मिशन की प्रत्येक योजना समय पर पूरी हो, इसका हर स्तर पर रखें ध्यान-मुख्य सचिव



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सुजलम भारत आईडी सृजन, हर घर जल रिपोर्टिंग एवं प्रमाणीकरण, जल सेवा आंकलन तथा भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं के वित्तीय समापन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नई दिल्ली में 10 जुलाई को राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के साथ हुई समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही राज्य एपेक्स कमेटी के माध्यम से सभी लंबित प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भारत सरकार को भेजे जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि मिशन अवधि के भीतर सभी परियोजनाएं पूर्ण करने की कार्ययोजना पर प्रभावी अमल किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 1,00,145 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत हैं।

राज्य के 107.74 लाख ग्रामीण परिवारों में से वर्ष 2019 में जहां केवल 11 प्रतिशत परिवारों के पास नल कनेक्शन थे। वहीं अब यह संख्या बढ़कर 63.61 लाख (59 प्रतिशत) हो गई है। मिशन के तहत 51.87 लाख घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही 12,095 गांव हर घर जल घोषित तथा 6,138 गांवों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान जल अर्पण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा हुई।

CMYK

## बीच रास्ते बस रोक चालक-परिचालक पर हमला,नकदी व मोबाइल लूटने का आरोप

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के सदर थाना क्षेत्र में निजी बस को बीच रास्ते रोककर चालक और परिचालक के साथ मारपीट, जानलेवा हमला तथा लूटपाट का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार नामजद सहित 8 से 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी भागीरथ विश्नोई ने रिपोर्ट में बताया कि पिछली 13 जुलाई की सुबह वीर दुर्गादास सर्किल के पास आरोपियों ने बस रोककर हथियारों के साथ बस में घुसकर चालक व परिचालक अनोपाराम विश्नोई पर हमला कर दिया। परिचालक को चाकू और डंडों से घायल करने, दोनों को बस से नीचे घसीटने तथा बस के शीशे तोड़ने का आरोप है। आरोपियों पर परिचालक का मोबाइल और बस बुकिंग के 15,350 रुपये लूटने का भी आरोप लगाया गया है।

## निर्वाण ने अधीक्षण अभियंता भास्कर को पौधा भेंट कर उठाई जलापूर्ति की बड़ी मांग



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय प्रभारी लक्ष्मण सिंह निर्वाण ने मंगलवार को जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता चुन्नीलाल भास्कर से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान निर्वाण ने भास्कर को पार्टी के 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।बैठक में निर्वाण ने शहरवासियों को मिल रही पानी की सप्लाई को लेकर गंभीर चर्चा की। उन्होंने एसई भास्कर से कहा कि गर्मी के दिनों में आमजन को जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए विभाग हर संभव कदम उठाए। निर्वाण ने शहर के सभी वार्डों में पानी की नियमित और समान सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग रखी। साथ ही, उन्होंने जलदाय विभाग से जलस्तर गिरने और पाइपलाइन खराबी जैसी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया।जवाब में एसई चुन्नीलाल भास्कर ने निर्वाण को आश्वस्त किया कि शहर में पानी की सप्लाई पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को किसी भी प्रकार की जल-किल्लत नहीं होने दी जाएगी और विभाग की टीम 24×7 मुस्तैद है। भास्कर ने बताया कि आने वाले दिनों में पुरानी पाइपलाइनों को बदलने और नई जल टंकियों के निर्माण की योजना भी है, ताकि दीर्घकालिक रूप से जलापूर्ति को और बेहतर बनाया जा

## सेवानिवृत्त एजीएम का अनोखा नेक कार्य पूर्वजों की स्मृति में शमशानघाट में बनवाया टीन शेड



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील के ग्राम बैरास बासनी में दूरसंचार विभाग लिमिटेड से एजीएम (महाप्रबंधक) पद से सेवानिवृत्त पूर्ण मल जांगिड़ ने एक अनुकरणीय मानवीय पहल की है। उन्होंने गांव के सार्वजनिक शमशानघाट में 5 लाख रुपए की लागत से टीन शेड का निर्माण करवाकर इसे अपने पूर्वजों के नाम समर्पित किया है।शमशानघाट में टीन शेड न होने के कारण ग्रामीणों को वर्षा एवं धूप के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जांगिड़ की इस पहल से अब ग्रामवासियों को सुविधाजनक वातावरण में अंतिम संस्कार की क्रिया संपन्न करने में सहूलियत होगी। इस शेड के निर्माण से बरसात के दिनों में शव यात्रियों को छतरी मिल सकेगी तथा गर्मी के मौसम में धूप से राहत मिलेगी। पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: पूर्ण मल जांगिड़ ने इस शेड को अपने पूर्वजों की स्मृति में समर्पित करते हुए कहा कि पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी भावना के साथ उन्होंने यह कार्य किया। समाज में हर्ष और प्रशंसा: ग्रामीणों ने जांगिड़ के इस परोपकारी कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। ग्रामवासियों का कहना है कि इस तरह की सामाजिक पहल अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में उमड़ा धर्म श्रद्धालुओं का सैलाब



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सिद्धपीठ संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर (ताल बालाजी) के प्रांगण में संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में आज मंगलवार को 1250 से अधिक साधको ने प्रात: 5 से 9 बजे तक तीन करोड़ पचास लाख राम नाम महामंत्र का जाप किया । महाराज ने साधकों को राम नाम जप कि सही विधि बताते हुए राम नाम जप का अभ्यास कराया।राम राम राम ,राम राम राम, राम। नाम जप की मधुर ध्वनि से मंदिर प्रांगण गूज उठा और वातावरण राममय हो गया। आयोजन में मधुसूदन माटोलिया व बालकृष्ण धरड ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया। नाम जप में नगर के सांवरमल माटोलिया, हरिशंकर मंगलहारा, श्रवण काछवाल, ओम मनोहर स्वामी, ललित चौधरी , रामगोपाल, राजकुमार, सुरेशकुमार मुरारका, अंबिकाप्रसाद हारित, मुरारीलाल पारीक, संजय पुरोहित, रामरतन प्रजापत, पृथ्वीराज प्रजापत, नंदकिशोर भार्गव, हरिराम सोनी, मनोज जोशी, ललित राकावत, एड.विनोद नौहाल,पदेन पुजारी निलेश, अजय इंदौरिया, सुशील, रवि, धनराज, पवन, मनोज इंदौरिया, वासुदेव सांगानेरिया, ललित चौधरी, भीवराज भोभरिया, ओम सारस्वत, कथावाचक कोमल किशोरी, ललिता व्यास, संतोष सारस्वत, रिणी कुआं बालाजी महिला मंडल, राधा माधव सत्संग मंडली, भाईजी हनुमानप्रसाद पोद्दार सत्संग मंडली, तालवाले बालाजी सेवा समिति के सदस्यों सहित हजारों साधको ने जप अनुष्ठान में उपस्थित होकर विहंगम आध्यात्मिक साधना में भाग लिया।

# राजेश कुमार सेन बने अखिल भारतीय नारायणी धाम महासभा के जिला मीडिया प्रभारी




**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय नारायणी धाम प्रबन्ध एवं विकास महासभा, नारायणी धाम (जिला अलवर) द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए बनेठा के सक्रिय कार्यकर्ता पर भरोसा जताया गया है। महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा बनेठा (तहसील उनियारा) निवासी राजेश कुमार सेन (पुत्र रमेश चंद सेन) को जिला कार्यकारिणी में जिला मीडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति अखिल भारतीय नारायणी धाम अलवर के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद करेल एवं टोंक जिला अध्यक्ष श्याम लाल सैन द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गई। नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद करेल व श्याम लाल सैन ने नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार सेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नियुक्ति के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद करेल ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि राजेश कुमार सेन महासभा एवं ट्रस्ट की धार्मिक व सामाजिक भावनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। वे समिति की नीतियों के प्रति पूरी ईमानदारी, निष्ठा तथा तन-मन-धन से समर्पण भाव रखते हुए अपनी इस नई जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे। संगठन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। राजेश कुमार सेन को जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने की सूचना मिलते ही बनेठा और उनियारा क्षेत्र सहित सेन समाज व मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत रूप से लोग उन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दे रहे हैं।

## 105वीं जन्म जयन्ती समारोह आयोजित



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक पंडित स्वं. जयदेव प्रसाद इन्दौरिया कि 105वीं जन्म जयन्ती समारोह वयोवृद्व शिक्षाविद टोर मल चौमाल कि अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मंचस्थ डाक्टर वेद प्रकाश गोयल, गौड समाज अध्यक्ष शिक्षाविद जयप्रकाश तामडायत, खांडल विप्र संमाज अध्यक्ष बद्री प्रसाद बणसीया, समाज सेवी रामलाल थोरी और रामचन्द्र खटीक ने पडित जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए संस्मरण साझा किये और उपस्थित सर्वसमाज के सैंकडों लोगो नें पडित जी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये । मंचासीन अतिथीयों का पूर्वपालिका अध्यक्ष संतोष बाबू इन्दौरिया द्वारा माला साफा और शाल ओढाकर तूलसी के पौधे भेंट किया गया। समारोह के दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुबोध सारस्वत, डॉ ओमप्रकाश सांखोलीया, शिक्षाविद मोहम्मद अनवर कुरेशी, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगडवा, सुरेन्द्र हुड्डा, भानी राम मेघवाल, महेन्द्र कुमार शर्मा, रामवीर राईका, निजामूदीन, राकेश शर्मा, एवम व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने पडित जी को शब्दसुमन अर्पित करते हुए उनके सादगीपूर्ण जीवन की आचारसंहिता, सत्यनिष्ठा, सामाजिक और शुचितायुक्त राजनैतिक जीवन को रेंखाकित किया। आयोजन समारोह के मेजबान रमेश चन्द्र इन्दौरिया ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। राजेन्द्र सिंह बिदावत के संचालन में सपंन्न समारोह में मनोज पारीक, पवन माटोलिया, अरविन्द चाकलान, ओमप्रकाश गौड, रेवन्त राम मूण्ड, रामदेव शर्मा, रतनलाल मेघवाल, युसूफ खान, कुतूबूदीन, गौतम महर्षि, राजेश गहलोत, जयप्रकाश जोशी, जगदीश सोनी, देवीदत हरित, गोपाल महर्षि, करणी सिंह, निरंजन रूथला, जाकिर हुसैन, श्रवण सेनी, प्रदीप दीपू शर्मा, मुरारी लाल पारिक, भीवा राम मेघवाल, रमेश कुमावत, सुरेन्द्र महर्षि, गोपाल प्रजापत जगमोहन हारित, मनोज चोमाल, सुशील इन्दौरिया, नागेश महर्षि, धनराज पुजारी, बनवारी महर्षि, मनोज चौमाल, ओमप्रकाश भोजक, छोटू चौमाल, चरण सिंह कोका, देवीसिंह, रूपाराम पंवार, अशोक पंवार, गोविन्द मिटवा, भिष्म इन्दोरिया, गोविन्द पंवार, राजू पंवार, इश्वर चन्द शर्मा, बाबू माली, आरिफ, कालू तगाला, रवि , जुगल, हसन, महावीर, अयूब पडिहार, सहित सैंकडो गणमान्य उपस्थित रहे।

## पशु को बचाने के प्रयास में गेहूं से भरा ट्रेलर पलटा,सड़क पर बिखरीं बोरियां

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नोखा-बीकानेर बाईपास पर मंगलवार को गेहूं की बोरियों से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर में लदी गेहूं की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार ट्रेलर नोखा गांव से बीकानेर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर एक पशु आ गया। पशु को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रेलर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर गेहूं की बोरियां बिखर गईं और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर नोखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## भगवान (प्रभु) जगन्नाथ रथ यात्रा कल

**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ भगवान जगन्नाथ की शौभायात्रा 16जुलाई भगवान जगनाथ रथ यात्रा चौखानी धेर के मन्दीर से हर वर्ष कि भाती इस वर्ष भी रथयात्रा निकाली जायेगी प्रभु जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्र जी भगतो के बिच रहेंगे यह रथ यात्रा साथ 4:30 बजे महाआरती होकर रवाना होगी मुख्य मार्गो से होती हुई नानसा गेट बावडी गेट होती हुई निकाली जायेगी रथ यात्रा मे ज्यादा से ज्यादा भकत शामील होकर प्रभु का आर्शीवाद प्राप्त करे जय जगन्नाथ वहीं लीलाधर चोखानी ने भक्तों से शोभा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

## फील्ड फायरिंग रेंज के जंगल में गहराया जलसंकट पानी की तलाश में नहरों तक पहुंच रहे वन्यजीव

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के महाजन सहित फील्ड फायरिंग रेंज क्षेत्र के घने जंगलों में हजारों की संख्या में वन्यजीव निवास करते हैं। पिछले तीन सप्ताह से पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण जंगलों में जलसंकट गहरा गया है। पानी की तलाश में जंगली पशु जंगलों से निकलकर नहरों तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान कई पशु पानी पीते समय फिसलकर नहर में गिर जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाने के कारण डूबने से उनकी मौत हो जाती है। स्थानीय जीवरक्षक दल लगातार ऐसे वन्यजीवों को बचाने में जुटा हुआ है। अरजनसर के जीवरक्षकों ने कई बार कड़ी मशक्कत कर नहर में गिरे जंगली पशुओं को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई है। हाल ही में दो दिन पहले अरजनसर नहर में गिरी एक नीलगाय को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। हालांकि, हर बार सफलता नहीं मिल पाती और कई वन्यजीवों की जान चली जाती है। जानकारी के अनुसार रेंज क्षेत्र में जलसंकट के कारण वन्यजीव भटककर गांवों तक पहुंच रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संपर्क की घटनाएं भी बढने लगी हैं। क्षेत्र में आए दिन जंगली जानवरों और निराश्रित गौवंश के नहर में गिरने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों में वन्यजीवों के लिए स्थायी जलस्रोत विकसित किए जाएं तथा कृत्रिम जलकुंड और पानी की टंकियों की व्यवस्था की जाए। इससे वन्यजीवों को पानी की तलाश में जंगल से बाहर नहीं आना पड़ेगा और नहरों में डूबने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। ग्रामीण अपने स्तर पर कर रहे पानी की व्यवस्था रेंज क्षेत्र से सटे गांवों के ग्रामीण भीषण गर्मी के दौरान अपने स्तर पर वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं। ग्रामीण जंगल के आसपास सीमेंट की पानी की कुंडियां (बिलियां) बनाकर उनमें प्रतिदिन टैंकरों से पानी भरवाते हैं। आपसी सहयोग से करीब दो माह तक यह अभियान चलाकर प्यासे वन्यजीवों की प्यास बुझाई जाती है। रात में नहर किनारे दिखाई देते हैं वन्यजीव जलसंकट के चलते महाजन रेंज क्षेत्र में रात के समय नहरों के आसपास जंगली सियार, लोमड़ी, नीलगाय तथा निराश्रित गौवंश पानी की तलाश में भटकते हुए नजर आते हैं।

## वर्तमान का उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें : हरि चैतन्य महाप्रभु




**कामवन (हुक्मनामा समाचार)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहां हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाए लेकिन वर्तमान में जीना सीख लें। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें। वर्तमान को छोड़कर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है। जिसका वर्तमान संवर जाता है उसके भूत व भविष्य भी स्वयं सुधरते जाते हैं। क्योंकि वर्तमान ही भूतकाल बनना है तथा भविष्य को भी वर्तमान बनना है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण काम भी वही है जो वर्तमान में तुम्हारे सामने है। उसे सावधानी पूर्वक संपन्न करें। तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति भी वही है जो वर्तमान में ही आपके सामने है उसके साथ सम्यक रीति से सद्व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि बाहरी जगत में सूर्य चंद्रादि प्रकाश करते हैं। परंतु अंनर्तजीवन में संतवाणी प्रकाश करती है। हम सत्संग के प्रकाश से अपने अंतर के राग, द्वेष, ईर्ष्या व विकारों को दूर करके अपने मन व मस्तिष्क की सफाई करें। शुद्ध हृदय में ही परमात्मा निवास करते हैं। सत्संग द्वारा अपना विवेक जागृत करें तथा परमात्मा से प्रार्थना करें कि वह भी सदैव हमारा विवेक जागृत करने में हमें सहयोग प्रदान करें। जिससे हम अपने अंतर में आ चुके राग, द्वेष रूपी मधु, कैटभ तथा अहंकार रूपी महिषासुर का वध कर सके, तथा अपने अंतर में आए हुए असुरत्व को समाप्त करके दैवीय संपदा से परिपूर्ण जीवन जी सकें।

# एक नजर

## जिंदोली घाटी की सुरंग: ततारपुर पंचायत समिति का पहला गांव, खैरथल तिजारा जिले की पहली सुरंग

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल - तिजारा जिले में मुंडावर उपखंड के गांव की पहली घाटी की सुरंग जिंदोली कहलाती है। आपको बता दे जहां एक और वर्तमान में बन रही सड़के कुछ सालों में ढेर हो जाती है, वहीं दूसरी ओर जिंदोली घाटी सुरंग की सड़क अब तक ठीक है। जिंदोली घाटी सुरंग जो कि प्रदेश की पहली सड़क यात्रा सुरंग इसका निर्माण 1996 से 1999 के बीच हुआ। इस सुरंग की उस समय लागत 7 करोड रुपए की लागत आई थी। इस सुरंग के बनने से पहले लोगों को घाटी के 13 दुर्गम मोड सहित कुल 52 मोड पर करने पड़ते थे। जिसमें आधे घंटे का समय लगता था एवं ईंधन भी अधिक खर्च होता था। सुरंग 500 मीटर लंबी इस सुरंग की बनने के बाद इस रास्ते को पार करने में मात्र 1 मिनट लगता है। इस सुरंग में 9 मीटर चौड़ा रास्ता है। जिसमें से तीन गाडयां एक साथ निकल सकती है। इस सुरंग की ऊंचाई 30 फिट है। सबसे खास बात यह है कि 27 वर्ष पहले निर्मित सुरंग की सीसी रोड की एक भी रोड़ी नहीं निकली। जबकि रोज यहां हजारों वाहन निकलते हैं।



## दुकान के ताले तोड़कर नकदी और सामान चोरी,सीसीटीवी में नजर आए संदिग्ध

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नयाशहर थाना क्षेत्र में एक दुकान के ताले तोड़कर गल्ले में रखे डेढ़ लाख रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नथूसर बास निवासी रोहित कच्छावा पुत्र रामरतन कच्छावा ने रिपोर्ट दी कि उसकी दुकान सोनगिरी कुआं के सामने स्थित है। वह पिछली 11 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 12 जुलाई सुबह करीब 6:30 बजे उसका कर्मचारी मोहन दुकान पहुंचा तो दुकान के गेट टूटे हुए मिले। सूचना मिलने पर रोहित मौके पर पहुंचा और दुकान खोलकर देखा तो गल्ले का लॉक टूटा हुआ था। गल्ले में रखे करीब 1.50 लाख रुपए नकद गायब मिले। परिवादी ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर दो संदिग्ध व्यक्ति गल्ले से रुपए और सामान ले जाते दिखाई दिए। आसपास पूछताछ में एक संदिग्ध का नाम अरबाज बताया जा रहा है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई हंसराज को सौंपी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और चोरी की रकम बरामद करने के प्रयास में जुटी है।

## खेत में काम करते समय हुआ हादसा, करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में महाजन गांव के समीपवर्ती सुई गांव में खेत स्थित ट्यूबवेल पर काम करते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी मर्ग स्थानीय थाने में दर्ज हुई हैं।जानकारी के अनुसार सुई निवासी रूपाराम पुत्र जगदीश प्रसाद का महाजन सरदारशहर लिंक रोड़ किनारे ट्यूबेल खेत है। रूपाराम अपने परिवार के साथ खेत में रहता था। सोमवार देर रात ट्यूबवेल पर लाइन बदलते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गया। शोर सुनकर उसका छोटा भाई लक्ष्मण राम मौके पर पहुंचा और उसे तत्काल महाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रूपाराम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई लक्ष्मण राम की रिपोर्ट पर महाजन पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## तबादला सूची में अनिमितता पर पटवार संघ का प्रदर्शन,काली पट्टी बांधते हुए नारेबाजी के बीच निष्पक्ष तबादला सूची की मांग



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर मंगलवार को ब्लॉक पटवार संघ कार्यकारिणी सदस्यों ने तहसील परिसर में तबादला सूची में अनिमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, काली पट्टी बांधते हुए सांकेतिक धरना दिया। इससे पहले पटवार संघ जिलाध्यक्ष विष्णु भातरा ने पटवारियों की तबादला सूची में अनिमितता बरतने का आरोप लगाते हुए पटवारियों से छलावा करने के बारे में बताया। बाद में पटवार संघ सदस्यों ने नारेबाजी के बीच प्रदर्शन करते हुए अनिमितताओं को दूर करने एवं निष्पक्ष व न्यायसंगत संशोधन सूची निकालने की मांग की। वहीं, शीघ्र समाधान नहीं होने पर प्रदेशस्तरीय आन्दोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान गजब सिंह, लवकुश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, करण सिंह, जीतेन्द्र सिंह, प्रशांत देशवाल आदि मौजूद रहे।

## क्वार्टर में मिला हेड कांस्टेबल का शव जांच में जुटी पुलिस

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर पुलिस लाइन में ड्यूटी पर आए एक हेड कांस्टेबल की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटे रामपुरा बस्ती निवासी विजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि उनके पिता अमर सिंह शेखावत उम्र 60 वर्ष पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। पिछले रविवार को वह ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन आए थे और दोपहर में पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर में आराम करने चले गए। शाम तक वापस नहीं लौटने पर साथी पुलिसकर्मियों ने क्वार्टर में जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था में मिले। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। परिजन उन्हें तत्काल पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मृत्यु के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

गीत-संगीत की प्रस्तुतियों पर झूमे श्रोता, कविता-गजलों ने लूटी महफिल

# टैलेंट्स विला की ओर से हुए कार्यक्रम में नवोदित रचनाकारों व कलाकारों ने दिखाया अपना हुनर

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** टैलेंट्स विला चूरू की ओर से मंगलवार को विश्वकर्मा मंदिर के पीछे ओपन माइक व चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवोदित रचनाकारों व कलाकारों ने कविता, गज़ल, गीत, हास्य, वाद्ययंत्र व डबिंग जैसी विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि योगेश सैनी ने कलाकारों को सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बनाने और अपनी कला को प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रतिभा के साथ सही मंच और डिजिटल पहचान भी जरूरी है।

टैलेंट्स विला की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संस्था लगातार नए कलाकारों को मंच देकर समाज में रचनात्मक वातावरण तैयार कर रही है।

हास्य कवि आशीष गौतम 'आशु' ने हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब हंसाया। चूरू व भादरा से आई ननद-भाभी की जोड़ी ने खूब धूम मचाई। सोनू शर्मा ने अपनी मधुर गायकी से सभी का दिल जीत लिया। उप प्रधानाचार्य ममता ने हवा हवाई गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए उन्हें 'परफॉर्मर ऑफ द डे' सम्मान से नवाजा गया।

हेमराज ने गजल महफिल में बार-बार उन पर नजर गई प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कालिका टीम की कांता सोनगरा ने तुझसे नाराज़ नहीं जिंदगी गीत गाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया और लॉकडाउन के दौर की यादें ताजा करा दी। चूरू के हिमांशु ने मेरी दोस्ती मेरा प्यार गीत की प्रस्तुति दी।



अगावली में रोडवेज बस स्टॉप बनाने की मांग, गृह राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन,

## सालाबाद सहित कई गांवों में सीसी सड़क व हाईमास्ट लाइट लगाने का भी आग्रह

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना-भरतपुर मार्ग स्थित गांव अगावली में रोडवेज बस स्टॉप बनाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अम्बाबता के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्रसिंह कंसाना ने गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अम्बाबता के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र कंसाना ने जयपुर स्थित राज्यमंत्री के आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बयाना-भरतपुर रोड पर स्थित गांव अगावली में रोडवेज बसों के नियमित ठहराव की व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और रोजाना यात्रा करने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यहां स्थायी रोडवेज बस स्टॉप का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। इसके अलावा बयाना उपखंड के गांव सालाबाद, अगावली, नगला जाटव और नगला भांड में सीसी सड़कें बनवाने की मांग भी उठाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे और क्षतिग्रस्त रास्तों के कारण बरसात के दिनों में आवागमन प्रभावित होता है। वहीं प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाइटें लगाने की मांग करते हुए कहा गया कि इससे रात के समय आवागमन सुरक्षित होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभागों से प्रस्तावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## सुबह-सुबह मोटरसाइकिल पर शराब ले जा रहें युवक को पुलिस ने दबोचा, अवैध देसी शराब जब्त की

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह सुबह मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हेमासर फांटा के पास एक व्यक्ति को अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई एएसआई महेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के नरेंद्र सिंह, विकास कुमार एवं चालक राकेश ने अंजाम दी। महेश कुमार ने बताया कि पुंदलसर निवासी नरेंद्र सिंह मोटरसाइकिल पर देसी शराब लेकर जा रहा था। सूचना मिलने पर सुबह करीब 8.30 बजे घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 45 पव्वे देसी शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

## अस्पताल अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के सेरूणा थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी मिली है कि बीती रात करीब 10 बजे गांव झंझेऊ के पास नेशनल हाइवे पर एक दर्दनाक हादसे में एक युवक ने अपनी जान गंवा दी।

बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ आ रही स्लीपर बस और बीकानेर की ओर जा रही मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।दुर्घटना में क्षेत्र के गांव कितासर भाटियान निवासी 34 वर्षीय सोनूराम पुत्र मदनलाल सैन की दर्दनाक मौत हो गई। सोनू बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था।

वह कुछ ही देर पहले अपने ससुराल गांव ठुकरियासर से रवाना हुआ था। परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो वे स्तब्ध रह गए। सोनू तीन मासूम बच्चों का पिता था और तीन भाइयों में मझला भाई था। उसकी बूढ़ी माँ का हाल बेहाल हो गया है। दोनों ही गांवो में भी माहौल गमगीन हो गया है। मृतक के भाई रामकिशन ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए चौहान ट्रेवल्स की स्लीपर बस के चालक पर लापरवाही व तेज गति में बस चलाकर बाइक को टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेरूणा थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल विनोद कुमार दल के साथ रात मौके पर पहुंचे व शव को उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं मंगलवार सुबह परिजनों के रिपोर्ट देने पर आगामी कार्रवाई की जा रही है। विनोद कुमार सहित परिजन उपजिला अस्पताल पहुंच गए है। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## निर्माणाधीन भवन की अडाण से गिरकर मजदूर की मौत


**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नया शहर थाना क्षेत्र स्थित सीताराम गेट के पास निर्माणाधीन मकान का प्लास्टर करते समय बल्ली टूटने से एक मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल मजदूर को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले गए, जहां उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई। नया शहर थाने के एएसआई राम भरोसी ने बताया कि थाना इलाके के राम मंदिर के पास निर्माणाधीन भवन के प्लास्टर का काम चल रहा है। आज सुबह मिस्त्री अलसी राम, श्रीरामसर निवासी अर्जुन भवन के बाहरी तरफ अडाण लगाकर प्लास्टर कर रहा थे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नापासर पुलिस की कार्रवाई, लंबे समय से फरार आरोपी दबोचा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में नापासर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नव नियुक्त थानाधिकारी कविता पुनिया ने कार्यभार ग्रहण करते ही अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया और पहली बड़ी कार्रवाई में यह सफलता मिली। पुलिस ने गुमानाराम पुत्र पेमाराम नायक (24), निवासी गुसाईसर, थाना नापासर को गिरफ्तार किया। आरोपी पुलिस थाना नापासर के मुकदमा पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाधिकारी कविता पुनिया ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा।

## देहरे वाले बड़े बाबा 1008 चंदप्रभु भगवान की पावन देहरी पर होगा ऐतिहासिक मंगल प्रवेश

### तिजारा बनेगा धर्ममय, गूंजेंगे जयघोष



**तिजारा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रचार मंत्री उमंग जैन ने बताया समस्त जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष, गौरव एवं सौभाग्य का विषय है कि परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज (33 पिच्छी) ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश रविवार, 19 जुलाई 2026 को प्रात: 7:00 बजे देहरे वाले बड़े बाबा की पावन देहरी पर होगा। पूज्य आचार्य श्री के मंगल आगमन को लेकर सम्पूर्ण तिजारा एवं आसपास के क्षेत्रों में अपार उत्साह का वातावरण है। इस शुभ अवसर पर भव्य बैंड-बाजों, विशाल शोभायात्रा, मंगल कलश, धर्मध्वजाओं, पुष्पवर्षा के साथ पूज्य गुरुदेव का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। नगर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा तथा विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाकर श्रद्धालु आचार्य श्री का अभिनंदन करेंगे। यह दिव्य अवसर तिजारा के धार्मिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होने जा रहा है। समस्त जैन समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से विनम्र अनुरोध है कि अपने परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुण्यमयी एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश के साक्षी बनें तथा पूज्य गुरुदेव के दर्शन, वंदन एवं मंगल आशीर्वाद का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## घग्घर बेल्ट में कथित अवैध खनन से ग्रामीणों में रोष, जांच और कार्रवाई की मांग



**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** कालीबंगा, 23 एसटीजी और 26 एसटीजी के पास स्थित घग्घर बेल्ट में कथित अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन समतलीकरण की अनुमति की आड़ में निर्धारित सीमा से अधिक मिट्टी की खुदाई कर ओवरलोड डंपरों से ईंट भट्टों तक पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि इससे घग्घर बेल्ट की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार, ओवरलोड डंपरों की आवाजाही से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और धूल प्रदूषण से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुमति की शर्तों की जांच, खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम से मौके का निरीक्षण, ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने तथा पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## सात दिन से लापता व्यक्ति का शव खेत में मिला , परिजनों ने की पहचान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगाशहर थाना क्षेत्र में सात दिन से लापता एक मानसिक रूप से बीमार युवक का शव उदयरामसर रोही में एक सुनसान खेत से मिलने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भगवानपुरा मस्जिद के पास, इंडस्ट्रियल एरिया रानी बाजार निवासी जाकिर पुत्र मंजूर खान ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई सदीक मानसिक रूप से बीमार था और उसकी मानसिक स्थिति जन्म से ही ठीक नहीं थी।

वह 5 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे घर से निकल गया था, जिसके बाद काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। रविवार 12 जुलाई को गंगाशहर थाना पुलिस ने सूचना दी कि उदयरामसर रोही से आगे आंबासर रोड स्थित एक सुनसान खेत में एक व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान सदीक के रूप में की।

परिजनों ने आशंका जताई कि मानसिक स्थिति खराब होने के कारण भोजन-पानी के अभाव और अज्ञात बीमारी के चलते उसकी मृत्यु हुई होगी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चिराना में सीकर-दिल्ली स्टेट हाईवे पर ओवरलोड डंपर से बिखरी कंक्रीट बनी हादसों का सबब, वाहन चालक परेशान

**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** सीकर-दिल्ली स्टेट हाईवे (स्।।37) पर मंगलवार की अल सुबह एक कंक्रीट से भरे ओवरलोड डंपर की लापरवाही के कारण हाल ही में बनी चमचमाती सड़क अब वाहन चालकों के लिए परेशानी साबित हो रही है। उदयपुरवाटी पुलिस थाने के ठीक सामने से गुजरे इस डंपर से भारी मात्रा में कंक्रीट सड़क पर बिखर गई, जिससे कई किलोमीटर तक का सफर बेहद जोखिम भरा हो गया । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर में कंक्रीट क्षमता से अधिक भरकर पुलिस थाने के सामने से गुजरने के बाद नांगल टोल, पहाडिला, चिराना, गोल्याणा और रामपुरा बस स्टैंड तक मुख्य सड़क पर कंक्रीट की मोटी परत बिछ गई है।

सुबह जब राहगीर और दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो पूरी सड़क पर कंकड़ बिखरे पड़े मिले।सड़क पर बिखरी इस कंक्रीट के कारण सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। जरा सा ब्रेक लगाते ही बाइक और स्कूटी फिसल रही हैं। वहीं, बड़े वाहन चालक इन कंकड़ों से बचने के चक्कर में अचानक कट मार रहे हैं, जिससे उनका संतुलन डगमगा रहा है।स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि तेज रफ्तार भारी वाहनों के टायरों के नीचे आकर कंक्रीट के मोटे कंकड़ गोली की रफ्तार से छिटक रहे हैं। ये कंकड़ सड़क किनारे खड़े राहगीरों और दुकानों में बैठे लोगों को लग सकतें हैं, जिससे कभी भी कोई गंभीर रूप से चोटिल हो सकता है। करोड़ों रुपये की लागत से हाल ही में बनी इस नई सड़क की दुर्दशा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और वाहन चालकों में गहरा आक्रोश है।



## एक नजर

### आज जिले की 8 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर





**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व विभाग सहित कुल 22 विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 15 जुलाई को उपखंड किशनगढ़बास की ग्राम पंचायत तरवाला, तहनोली स्थित अटल सेवा केन्द्र, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत पतलिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत पालपुर, मालियार जट्ट स्थित अटल सेवा केंद्र, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत बुरहेड़ा स्थित अटल सेवा केन्द्र, तथा उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत सराय कलां एवं जिन्दौली स्थित अटल सेवा केन्द्रों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान, राजस्व प्रकरणों का निस्तारण, पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना तथा विभिन्न विभागीय सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को शिविरों के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय जावा येज़्दी दिवस ने अपना 24वां संस्करण मनाया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय जावा-येज़्दी दिवस (आईजेवाईडी), जो कि दुनिया की सबसे पुरानी और राइडर्स के नेतृत्व वाली मोटरसाइकिल परंपराओं में से एक है, ने 12 जुलाई 2026 को अपना 24वां संस्करण मनाया। जावा और येज़्दी के मालिकों के बीच एक जमीनी स्तर की पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है। आज, यह मोटरसाइकिलिंग, विरासत और समुदाय के प्रति साझा प्रेम के माध्यम से विभिन्न पीढ़ियों के राइडर्स को एक साथ लाता है। हर साल जुलाई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला आईजेवाईडी, एक छोटे से मालिक-संचालित प्रयास से बढ़कर एक ऐसी वैश्विक परंपरा बन गया है जिसे विभिन्न पीढ़ियों के राइडर्स ने अपनाया है। इस साल, इस उत्सव ने भारत के 150 से अधिक शहरों में 7,500 से ज़्यादा राइडर्स और 40 से अधिक उत्साही कम्युनिटीज़ को एक साथ लाया। सीमाओं से परे, यह आंदोलन 11 देशों तक पहुंचा, जहां राइडर्स ने स्थानीय राइड्स, सामुदायिक समारोहों और डिजिटल भागीदारी के माध्यम से इस अवसर को मनाया। अनुपम थरेजा, सह-संस्थापक, क्लासिक लेजेंड्स ने कहा, 'चौबीस साल पहले, अंतर्राष्ट्रीय जावा-येज़्दी दिवस राइडर्स के बीच अपने पसंदीदा मोटरसाइकिलों को मनाने के एक सरल जुनून के रूप में शुरू हुआ था। आज, यह एक वैश्विक परंपरा बन चुका है जो सीमाओं और पीढ़ियों से परे है।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी आईडब्ल्यूटीसी सीजन-3 का उद्घाटन

19-20 जुलाई को जयपुर में जुटेंगे 600 से अधिक प्रतिनिधि



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के दिल्ली रोड स्थित होटल फेयरमॉन्ट में 19 और 20 जुलाई को आयोजित होने वाले इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्ल्यूटीसी) सीजन-3 का शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। कॉन्क्लेव के डायरेक्टर अरशद हुसैन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में आंध्र प्रदेश पर्यटन आधिकारिक भागीदार के रूप में शामिल है। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कुंडला दुर्गेश, इवेंट इंडस्ट्री के प्रमुख पार्थिप त्यागराजन और ऋतुराज खन्ना सहित कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। दो दिवसीय कॉन्क्लेव में देश-विदेश से वेडिंग, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के 600 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की पर्यटन संभावनाओं, सांस्कृतिक विरासत और वेडिंग डेस्टिनेशन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। आंध्र प्रदेश पर्यटन की सहभागिता से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक स्थल, समुद्री तट, हिल डेस्टिनेशन और वेडिंग डेस्टिनेशन का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि आईडब्ल्यूटीसी केवल नेटवर्किंग का मंच नहीं, बल्कि पर्यटन और वेडिंग उद्योग के लिए नए अवसरों का सृजन करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है।

### बयाना में गायत्री परिवार का नारी जागरण महिला सम्मेलन संपन्न,

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना गायत्री परिवार की ओर से वैर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर नारी जागरण महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बयाना क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सामाजिक जागृति लाना, कुरूतियों को समाप्त करना और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करना रहा। गायत्री परिवार महिला प्रकोष्ठ की जिला समन्वयक कमलेश खटाना सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज से नर नारी के भेद को समाप्त कर महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। वक्ताओं ने महिलाओं को प्रत्येक तीज त्योहार को यज्ञ के माध्यम से मनाने, गायत्री मंत्र एवं ध्यान साधना को दैनिक जीवन में अपनाने तथा महिला जागृति, सप्त आंदोलन, महिला मंडल गठन, बाल संस्कार शालाएं खोलने और माँ भगवती वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में गायत्री परिवार महिला प्रकोष्ठ की जिला समन्वयक कमलेश खटाना, मंजू जोशी, चंदा देवी, जिला संयोजक सुरेश पाराशर, वरिष्ठ जिला संरक्षक हीरालाल सोनी, कार्यकारिणी संयोजक रामगोपाल शर्मा, बयाना के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जगन्नाथ शर्मा, उप समन्वयक बाबूलाल गुर्जर, प्रभारी निर्भय सिंह मावई, तहसील संयोजक रेणु मिश्रा, उप संयोजक कमलेश व्याख्याता, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र खटाना, सोनम शर्मा, सोनम खटाना सहित गायत्री परिवार के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ बयाना पर आगामी 23 अगस्त को शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

'गिव अप अभियान' ने प्रदेश के 99 लाख लोगों को प्रदान की खाद्य सुरक्षा

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कोलायत में एनएफएसए के लाभार्थियों के साथ किया संवाद



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि गिव अप अभियान ने प्रदेश के 99 लाख वास्तविक लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह देश का दूसरा ऐसा अभियान है जिसकी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने सराहना की है। गोदारा ने मंगलवार को कोलायत पंचायत समिति सभागार में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन के दौरान यह बात कही। गोदारा ने कहा कि प्रदेश के जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 1 नवम्बर 2024 को यह अभियान शुरू किया गया। सरकार के आह्वान पर 67 लाख लोगों ने स्वेच्छा से इसका लाभ छोड़ा और 27 लाख ने ईकेवाईसी नहीं करवाई। इससे 99 लाख वास्तविक लाभार्थियों की इस योजना तक पहुंच हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा उ गवला योजना का लाभ स्वेच्छा से छुड़वाने के लिए गिव अप अभियान चलाया गया। जिसमें केंद्र सरकार की पहल पर 1 करोड़ 16 लाख ने स्वेच्छा से सब्सिडी छोड़ी। इसी तर्ज पर चलाए गए अभियान ने प्रदेश वासियों को संबल दिया है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने इसकी सराहना की है। गोदारा ने कहा कि कोलायत के 18 हजार लोगों तक ही इसका लाभ पहुंचा है। कोई भी गरीब इसके लाभ से वंचित ना रहे, इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाकर योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 26 जनवरी 2025 को एनएफएसए पोर्टल खोले जाने के बाद अब तक नए लोगों को इससे जोड़ा जा रहा है। अंतिम छोर तक बैठे वास्तविक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि एनएफएसए लाभार्थियों को बार-बार गेहूं लेने के लिए चक्कर ना निकालने पड़ें, इसके मद्देनजर उपभोक्ताओं को तीन माह के गेहूं एक साथ वितरित किए जा रहे हैं। खाद्य मंत्री ने बताया कि अमेरिका-ईरान युद्ध के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को बावजूद प्रदेश में रसोई गैस सप्लाई में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी। प्रदेश में बिना ओटीपी और पास बुक में एंट्री बिना रसोई गैस सप्लाई को प्रतिबंधित किया गया, जिससे प्रतिदिन लगभग 1 लाख रसोई गैस सिलेंडर की खपत कम हुई और वितरण में पारदर्शिता आई। उन्होंने कहा कि पहली बार राशन डीलर्स का कमीशन समय पर दिया जाने लगा है। इससे राशन डीलर्स को संबल मिला है। गोदारा ने कहा कि उनके द्वारा 'विकसित लूणकरणसर, शिक्षित लूणकारणसर' की अवधारणा के साथ कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है। लगभग दो दर्जन नए ट्रांसफार्मर बनाए जा रहे हैं। करोड़ों रुपए के जल सुदृढ़ीकरण के कार्य प्रगतिरत हैं। स्कूलों की सुविधाओं में वृद्धि की गई है। अस्पतालों की व्यवस्थाओं में आमूलचूल सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए वे सतत कार्य कर रहे हैं। गोदारा ने बताया कि उनके द्वारा अप्रैल में लाभार्थी सम्मेलन प्रारम्भ किया गया।

अब तक नोखा, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर गोदारा ने पूर्व सांसद स्व. महेंद्र सिंह भाटी द्वारा क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान के बारे में बताया।

## राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन, दिवंगत विद्यार्थियों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर में महाविद्यालय के दो पूर्व विद्यार्थियों स्वर्गीय इन्द्र एवं स्वर्गीय कुंभाराम की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत विद्यार्थियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात आयोजित रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर लगभग 150 विद्यार्थियों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया तथा अपने दिवंगत साथियों को जीवनदायी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन विद्यार्थियों में सेवा, करुणा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य प्रथम रेखा आचार्य तथा डॉ. घनश्याम जांगिड़ ने भी विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुए इसे समाज के प्रति एक श्रेष्ठ सेवा बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करेंगे तथा अपने दिवंगत साथियों की स्मृति को मानव सेवा के माध्यम से सदैव जीवित रखेंगे। महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन को दिवंगत विद्यार्थियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तथा समाज के प्रति अपनी सेवा-भावना की सार्थक अभिव्यक्ति बताया।

## रीको रोड रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर जनसुनवाई आयोजित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रीको रोड पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण परियोजना के लिए भूमि से हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियां सुनने एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि अवाप्ति से संबंधित आपत्तियां सुनी गईं तथा प्रभावित व्यक्तियों को अधिसूचना जारी होने की तिथि से 60 दिवस के भीतर लिखित परिवाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने भूमि अवाप्ति प्रक्रिया एवं ना गरिकों के अधिकारों की जानकारी भी दी। प्रस्तावित आरओबी के निर्माण से रीको रोड क्षेत्र में यातायात सु गम हो गा और रेल फाटक पर ल गने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

## दौसा में 'श्रम सेतु' और 'लेबर चौक' ऐप का विशेष अभियान शुरू, श्रमिकों को मिलेगा सीधे रोजगार और योजनाओं का लाभ

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** श्रम आयुक्त के निर्देशन में श्रम विभाग दौसा ने मंगलवार को रामकरण जोशी राजकीय विद्यालय में 'श्रम सेतु' एवं 'लेबर चौक' ऐप डाउनलोड कराने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया। अभियान का उद्देश्य श्रमिकों और नियोक्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र श्रमिकों तक पहुंचाना है।श्रम कल्याण अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से हाल ही में लॉन्च किए गए श्रम सेतु ऐप और लेबर चौक ऐप के माध्यम से श्रमिकों को आसानी से रोजगार उपलब्ध होगा।

साथ ही छात्रवृत्ति, सहायता राशि और अन्य श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे मिल सकेगा।उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 14 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक जिले के विभिन्न श्रमिक चौक-चौराहों पर चलाया जाएगा। शिविरों में श्रमिकों और नियोक्ताओं को ऐप डाउनलोड कराकर उनका पंजीकरण किया जाएगा तथा ऐप के उपयोग और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से श्रमिकों को रोजगार खोजने में आसानी होगी, वहीं नियोक्ताओं को भी आवश्यक श्रमिक एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगे। इससे श्रम बाजार अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनेगा।शिविर में संयुक्त श्रम आयुक्त (विधि) प्रदीप झा, श्रम कल्याण अधिकारी विकास शर्मा, श्रम निरीक्षक मुनेश सैनी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक में बूथ स्तर से संगठन मजबूत करने पर जोर

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान के सह-प्रभारी चिरंजीव राव के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फुलेरा एवं रेनवाल के संयुक्त तत्वावधान में संगठन सृजन को लेकर आवश्यक बैठक इटावा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में चिरंजीव राव ने पार्टी के संगठनात्मक निर्देशों की जानकारी देते हुए बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन की इकाइयों के गठन तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संभाग प्रभारी आरसी चौधरी, फुलेरा विधायक एवं जयपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी, पीसीसी सचिव प्रद्युम्न सिंह, जिला प्रभारी सीमा चौधरी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निरंजन निठारवाल, श्रवण डिडेल उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, राकेश परिहार, जितेंद्र अग्रवाल, दयानंद चौधरी, मनोज कुल्हारी एवं हरिशरण चतुर्वेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस जिला सोशल मीडिया प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर जरीना बानो, मीना कुमावत, गिरधारी कुलहरी, अब्दुललतीफ कुरेशी, जाकिर हुसैन, कमल शुक्ला, अरविंद मेहरड़ा, मुकेश सेन, बाबूलाल फगोडिया, हरदेव चौधरी, सीताराम भामू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कालाखोह कट के पास पर बाइक-स्कॉर्पियो की भिड़ंत, दो युवक घायल

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा सदर थाना क्षेत्र मेंकालाखो कट के पास बाइक और स्कॉर्पियो की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो सिकंदरा से जयपुर की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सिकंदरा से दौसा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान कालाखो कट के पास दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई।हादसे के दौरान बाइक को बचाने के प्रयास में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर हाईवे की रेलिंग से जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## चिराना में पेयजल संकट के बीच पाइपलाइन लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद, ग्रामीणों में आक्रोश



**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** चिराना कस्बे में एक ओर ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जलदाय विभाग की कथित लापरवाही से मुख्य पाइपलाइन लीकेज के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इंदिरा पब्लिक स्कूल के पास टूटी पाइपलाइन से जलापूर्ति के दौरान फव्वारा छूटता है, जिससे सड़क पर कीचड़ फैल जाता है और राहगीरों व स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। वहीं लाल गट्टे के पास ट्यूबवेल लाइन में रिसाव से गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लीकेज शीघ्र नहीं सुधारी गई और जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# गो सम्मान आव्हान अभियान को लेकर हनुमान बगीची में साइन अभियान चलाया गया

**तिजारा (हुक्मनामा समाचार)।** तिजारा हनुमान बगीची दूधाधारी में गौ सम्मान हस्ताक्षरहत अभियान चलाया गया गौ भक्त जगह-जगह जाकर गौ माता के लिए शाहीन करो रहे हैं गौ सम्मान आह्वान अभियान की बैठक कर गौ माता के लिए लोगों को जुड़ने के लिए आवाहन कर रहेह । बैठक मे गौ माता को राष्ट्रमाता सम्मान के लिए चलाए जा रहे हैं हस्ताक्षर अभियान को तेज करने पर चर्चा कर । प्रत्येक तहसील स्तर से 50000 हस्ताक्षर कराकर 27 जुलाई को सभी गो भक्त एकत्रित होकर राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री , राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। 27 जुलाई को क्षेत्र से साधु संत व गौ भक्त रामधुन व भजन कीर्तन कार्यक्रम के साथ हरि कीर्तन करते हुए जिला खैरथल कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचेंगे।

गौ सेवार्थ , गौ रक्षार्थ , गो सम्मानार्थ प्रार्थना पत्र रखेंगे। महंत जस्सू महाराज ने जग कल्याणी गो माता पर हो रहे अत्याचार व दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी से गो सम्मान अभियान से जुड़ने की अपील की। बैठक में इंदर सिंह दहिया ने कहा कि आज घटता गोवंश बहुत ही चिंता का विषय है। आज आवश्यकता है कि गौ माता की सेवा , सुरक्षा व सम्मान हो। गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले। सैनी स्कूल संचालक सुभाष चंद सैनी ने गो सम्मान अभियान को सराहनीय कदम बताया तथा सभी से गो पत्रक जन - जन पहुंचाने में योगदान करने की जन समर्थन जुटाने की बात कही। भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का प्राण एवं मूल आधार गो माता के संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया।



## एक नजर

### महिला कां ग्रेस का संसद चलो प्रदर्शन 21 जुलाई को

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में महिला कां ग्रेस की सं गठनात्मक बैठक का आयोजन किया जाए गा। जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर महिला कां ग्रेस सं गठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना सं गठन का विस्तार करना अधिक से अधिक महिलाओं को महिला कां ग्रेस से जोड़ना तथा आ गामी सं गठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करना रहे गा। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ साथ राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए गी। सं गठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा रिक्त पदों की जानकारी सं गठन विस्तार एवं महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा हो गी। इसके साथ ही 21 जुलाई से प्रारंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान अखिल भारतीय महिला कां ग्रेस के नेतृत्व में आयोजित होने वाले संसद चलो विशाल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर भी विशेष रणनीति बनाई जाए गी। इस दौरान अधिक से अधिक महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला स्तर पर समन्वय एवं आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से विचार.विमर्श किया जाए गा।

### पीबीएम अस्पताल में एक ओर प्रस्तूता की मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पीबीएम अस्पताल में डिलीवरी के बाद बिगड़ी प्रसूताओं की तबियत के मामले में मंगलवार एक्र और प्रसूता की मौत हो गई। इससे पूर्व दो प्रसूताओं की मौत हो चुकी हैं।पीबीएम के चिकित्सकों ने बताया कि प्रसूता कमला का पीबीएम में करीब 40 दिन ईलाज चला, इस दौरान चिकित्सकों ने कमला को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए, लेकिन गंभीर हालत में कमला की मंगलवार को ईलाज के दौरान मौत हो गई। कमला की सिजेरियन डिलीवरी हुई थी, जिसका यह तीसरा बच्चा बताया जा रहा हैं।

### डांग के कुख्यात जगन गुर्जर के भाई पप्पू गुर्जर का श्यालावास जेल होगा ट्रांसफर

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कारागार विभाग ने सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के तहत बड़ा फैसला लेते हुए डांग क्षेत्र के कुख्यात रहे स्वर्गीय जगन गुर्जर के भाई पप्पू गुर्जर को अजमेर केंद्रीय कारागार से दौसा जिले की श्यालावास जेल में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए हैं। महानिरीक्षक कारागार विक्रम सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।जानकारी के अनुसार पप्पू गुर्जर पुत्र शिवचरण गुर्जर वर्तमान में अजमेर केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा है। जारी आदेशों के तहत उसे श्यालावास जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा अजमेर जेल में बंद तीन अन्य कैदियों को भी विभिन्न जिलों की जेलों में स्थानांतरित किया जाएगा।स्वर्गीय जगन गुर्जर कभी डांग क्षेत्र में आतंक का पर्याय माना जाता था। ऐसे में उसके भाई के जेल स्थानांतरण के आदेश को सुरक्षा व्यवस्था और जेल प्रशासन की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि स्थानांतरण के पीछे विस्तृत कारणों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है।

### पदोन्नति पर जीआरपी एसआई विक्रम चौधरी का किया सम्मानित, विदाई समारोह आयोजित

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत फुलेरा द्वारा रेलवे आरपीएफ थाना परिसर में रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर विक्रम चौधरी के पदोन्नति उपरांत भीलवाड़ा स्थानांतरण होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने विक्रम चौधरी का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया तथा फुलेरा जंक्शन पर संचालित जल सेवा अभियान का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। उपस्थित सदस्यों ने उनके उगवल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में जीआरपी थाना प्रभारी ओमप्रकाश, दैनिक रेलयात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव, संरक्षक भारत भूषण शर्मा, महामंत्री इकरामुद्दीन कुरैशी, शक्ति सिंह, प्रेम कुमावत, प्रेम सेन, जितेंद्र सिंह जादौन, महेश शर्मा एवं वरिष्ठ प्रेम कुमावत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कल धूमधाम से निकाली जाएगी श्री जगन्नाथ जी की शोभायात्रा

**कामवन (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बें के तीन अलग अलग मन्दिरों से गुरूवार को बैण्ड बाजों के साथ जगन्नाथ जी शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर मन्दिर कमेटी के द्वारा तैयारियां जोरो से की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ठाकुर श्री जगन्नाथ जी गुरूवार को अपनी ननिहाल में पन्द्रह दिवस विश्राम के बाद नगर भ्रमण के बाद मन्दिर में विराजेंगे। इस प्रकार की मान्यता है कि जगत के पालक भगवान श्री जगन्नाथ जी ज्येष्ठ पूर्णिमा को अपनी ननिहाल जाते हैं एवं विश्राम के बाद आषाढ़ शुक्ला द्वितीया को अपने मन्दिर में पधारते है। गुरूवार को कामवन में तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित जगन्नाथ जी मन्दिर,गोविन्द देव वृन्दारानी मन्दिर व गोपीनाथ जी मन्दिर से बैण्ड बाजों के साथ भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसको लेकर तैयारियां जोरो से की जा रही है।

### 30 दिन में 100 गुमशुदा मोबाइल बरामद - 25.30 लाख के फोन मालिकों को लौटाए

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर रेंज पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। महा निरीक्षक पुलिस (आईजी) ओम प्रकाश, आईपीएस के निर्देशन में रेंज कार्यालय की सोशल मीडिया सेल ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मात्र 30 दिनों में 100 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। पुलिस के अनुसार बीकानेर रेंज के जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से गुम हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। इनमें तीन दिन पहले से लेकर चार वर्ष पहले तक गुम हुए मोबाइल शामिल थे। सीईआईआर पोर्टल के जरिए सभी मोबाइल सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए। बरामद किए गए 100 मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 25 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। मंगलवार को बीकानेर रेंज कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईजी ओम प्रकाश ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे मोबाइल को ब्लॉक कर शीघ्र ट्रेस कर बरामद किया जा सके।